# जिले के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन

-स्वास्थ्य मेला के दौरान उचित परामर्श के साथ किया जाता है पर-ीक्षण: सिविल सर्जन

-स्वास्थ्य मेला के आयोजन में सीएचओ की भूमिका काफी महत्वपूर्ण

-नियमित रूप से एचडब्ल्यूसी पर स्वास्थ्य जांच कराने की आवश्यकता

**दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर गुरुवार को स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया. इस मेले में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया. इसमें ब्लडप्रेशर, डायबिटीज जांच के साथ जरूरतमंदों को टेलीमेडिसिन सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया. मेला में एएनसी जांच की सेवा आम गर्भवती महिलाओं के लिये सुलभ थी. वहीं स्वास्थ्य मेले में कैंसर, योगाभ्यास, एनसीडी, चर्म रोग, कृमि नाशक किट वितरण, ब्लडप्रेशर, डायबिटीज जैसे रोगों की स्क्रीनिंग की गई. लाभार्थियों की जरूरी स्वास्थ्य जांच के बाद स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा निःशुल्क दवा उपलब्ध करायी गयी. साथ ही स्वास्थ्य संबंधी रिकार्ड को सहेजने के लिये लाभुकों के हेल्थ आईडी कार्ड आभा निर्माण की सुविधा सभी केंद्रों पर उपलब्ध करायी गयी। ताकि सामुदायिक स्तर पर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके. मेला में इस बार टीबी रोग के प्रति जागरूकता व इससे संबंधित सेवाओं की उपलब्धता पर विशेष जोर दिया गया था. सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने कहा कि लगभग 8 हजार की आबादी वाले हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण अपना इलाज कराने के लिए आते हैं. जिस-को अपने स्तर से उचित परामर्श के बाद निःशुल्क दवा दी जाती है. महिलाओं, युवाओं व बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जांच की जा रही व मुफ्त दवाएं भी दी जा रही हैं. इस दौरान सीएचओ के साथ ही



स्वास्थ्यकर्मियों के द्वारा टीबी रोगियों की जांच, उपचार के साथ उनकी काउंसिलिंग को लेकर इस बार मेला में विशेष इंतजाम किया गया था. वर्तमान समय में सर्दी, खांसी, जुकाम से पीड़ित और बरसात के दिनों में डायरिया और दस्त के मरीजों की संख्या ज्यादा होती है. सीएचओ के द्वारा परिवार नियोजन को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाता है. जिसमें कॉपर टी, अंतरा जैसे-गर्भ निरोधक संबंधी जानकारी दी जाती है.

**स्वास्थ्य मेला के आयोजन में सीएचओ की भूमिका काफी महत्वपूर्ण:**

नोडल पदाधिकारी डॉ उर्मिला कुमारी ने बताया कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) को गैर संचारी रोगों से सुरक्षा के लिए अभियान से जुड़ी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गयी है. स्वास्थ्य मेला के आयोजन में शत प्रतिशत सफलता में सीएचओ की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है. क्योंकि ग्रामीण इलाकों में अवस्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर कार्यरत सीएचओ संबंधित क्षेत्र में सघन जांच करते हुए लक्षण वाले मरीजों की पहचान कर उन तक आवश्यकतानुसार चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराने में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं.

**नियमित रूप से एचडब्ल्यूसी पर स्वास्थ्य जांच कराने की आवश्यकता:**

सिविल सर्जन डॉ किशोर ने बताया कि आमतौर पर लोगों को होने वाली प्रमुख बीमारियों में गैर संचारी रोग प्रमुख होता है. इसमें मुख्य रूप से कैंसर, उच्च व निम्न रक्तचाप, मधुमेह, मोतियाबिंद, अल्जाइमर, हृदय रोग से संबंधित बीमारियां ज्यादा होती हैं. इन बीमारियों के बारे में लोगों को बहुत देर से पता चलता है. इसलिए लोगों को इससे सुरक्षित रहने के लिए नियमित रूप से हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में जांच कराते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाना चाहिए. बरसात के समय में जलजमाव की समस्या उत्पन्न होने की संभावना रहती है. जिस कारण संक्रामक रोग के साथ हीं गैर संचारी रोगों के प्रति सतर्क रहने की जरूरत है. उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के माध्यम से आवश्यकतानुसार चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं. ग्रामीणों को उनके घर के नजदीक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से एचडब्ल्यूसी पर स्वास्थ्य मेला आयोजित किया जाता है. जिसके माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराना विभाग का मुख्य उद्देश्य है.

# मिशन इंद्रधनुष: शतप्रतिशत नियमित टीकाकरण के लिए जारी है मिशन इंद्रधनुष 5.0 के प्रथमे चरण का अभियान

- तीसरे दिवस तक 265 सेशन साइट में 3693 बच्चों एवं 1166 गर्भवती महिलाओं को लगाया गया टीका

- सामान्य टीकाकरण से वंचित 02 साल से कम उम्र के सभी बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को लगाया जा रहा टीका

**दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

मिशन इंद्रधनुष के लक्ष्यों की शत प्रतिशत उपलब्धि के लिए जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग कटिबद्ध है। नियमित टीकाकरण से वंचित 02 वर्ष से कम उम्र के बच्चों और गर्भवती महिलाओं को नियमित टीकाकरण से लाभान्वित करने के लिए 11 सितम्बरे से जिले में मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान के तीसरे चरण की शुरूआत की गई है।सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 कार्यक्रम के तहत टीकाकरण के 100 प्रतिशत आच्छादन की प्राप्ति को लेकर जिले के सभी प्रखंडों में तीसरे दिन तक चयनित कुल लक्ष्य 265 में 3693 बच्चों एवं 1166 गर्भवती महिलाओं को विभिन्न जानलेवा बीमारियों से बचाव हेतु निःशुल्क टीकाकरण किया गया है। अभियान की सफलता के लिये चिह्नित सत्र स्थानों पर घर- घर घूमकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का सर्वे भी किया जा रहो है। सत्र के निर्धारण में कम आच्छादन वाले टीकाकरण सत्र व ऐसे जगहों को चिह्नित किया गया जहां बीते छह माह के दौरान कम से कम दो बार नियमित टीकाकरण सत्र संचालित नहीं हो सके हैं। ईंट भट्ठा, दूर-दराज के ग्रामीण इलाके, मलिन बस्तियां सहित अन्य स्थानों पर सत्र संचालन को प्राथमिकता दी



गयी है। इस अभियान में अन्य विभागों को भी सहयोग लिया जा रहा है। साथ ही जिलास्तरीय स्वास्थ्य विभाग, सहयोगी संस्थाओं के पदाधिकारियों के बीच प्रखंडों का विभाजन कर नियमित सघन अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण किया जा रहा है । प्रत्येक कार्य दिवस को संध्याकालीन बैठक कर कार्य प्रगति की समीक्षा की जा रही है। एक भी बच्चा नियमित टीकाकरण से वंचित न रहने पाये-

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डा. देवेन्द्र कुमार ने बताया कि कार्यक्रम के तहत टीकाकरण से वंचित दो वर्ष तक के सभी बच्चों व सभी गर्भवती महिलाओं तक टीकाकरण की पहुंच सुनिश्चित कराना मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। मिशन इंद्रधनुष की कार्ययोजना के अनुरूप अयोजित किये गये सत्र स्थलों पर लक्षित लाभार्थियों को उनका टीका लगा या नहीं यह सुनिश्चित करना बहुत जरूरी है। इसके लिए पर्यवेक्षण कार्य जिले के सभी प्रखंडों में जिले के पदाधिकारी के अलावा प्रखंडों के स्वास्थ्य प्रबंधक, सामुदायिक उत्प्रेरक, यूनिसेफ एवं डब्ल्यूएचओ के एसएमसी, फील्ड मॉनिटर आदि द्वारा किया जा रहा है। सरकार द्वारा आरंभ किया गया टीकाकरण अभियान ऐसी कई बीमारियों की रोकथाम एवं उन्मूलन के लिए किया गया है। जिसमें बीमारियों के कारणों की कड़ी यानि चेन को तोड़ा जा सके। इसलिए टीकाकरण के परिणामों को हासिल करने के लिए जरूरी है कि एक भी बच्चा नियमित टीकाकरण से वंचित न रहने पाये। 02 वर्ष उम्र तक के बच्चे व गर्भवती महिलाओं को मिशन इंद्रधनुष अभियान के तहत उपलब्धि 100 फीसद तक ले जाने का प्रयास किया जायेगा।

# संगोष्ठी - सह - निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में हिंदी दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभागार में संगोष्ठी - सह - निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम के द्वारा दीप प्रज्वलित कर करते हुए सभी को हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं गई। संगोष्ठी के आयोजन के पूर्व बिहार गीत का वादन कर राज्य के प्रति सम्मान प्रकट किया गया।

डीएम ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी दिवस प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को मनाया जाता है। इसे राजभाषा का दर्जा मिला हुआ है। हिंदी भाषा सभी को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करती है। हिंदी हमारी मातृभाषा होने से इससे जुड़ाव लगता है,परंतु अंग्रेजी में जुड़ाव महसूस नहीं होता है। कई मंचो से माननीय मुख्यमंत्री ने भी हिंदी में वातार्लाप करने और इसके प्रसार के संकल्प को व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आज भी शुद्ध हिंदी का प्रयोग नहीं होना चिंताजनक है,परंतु वर्तमान में लोगो में हिंदी के प्रति प्रेम बढ़ा है और इसका काफी प्रसार हुआ है।डीएम ने हिंदी भाषा के प्रति अपने अनुभव साझा करते हुए निजी विद्यालयों में अंग्रेजी के प्रचलन और लोगो को उससे गौरवान्वित होने पर निराशा जताई। कहा कि अब न्यायालय में भी हिंदी का प्रचलन बढ़ा है और हिंदी भाषा अविरल रूप से बढ़ रही है। सभी को अपने परिवार में हिंदी का प्रयोग करते हुए इसके प्रसार का संकल्प लेना चाहिए।

उप विकास आयुक्त स्पर्श गुप्ता ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि हिंदी अनुवाद की भाषा नहीं रहे ,हमे संकल्प लेना होगा और इसके प्रसार को बढ़ाने हेतु वातार्लाप में हिंदी प्रयोग पर जोर देना चाहिए। उन्होंने अपने अनुभव को साझा करते हुए हिंदी साहित्य और शिक्षा में हिंदी भाषा प्रचलन पर प्रकाश डाला।

समारोह में जिला के हिंदी प्रेमी,हिंदी जानकर विद्वान को भी आमंत्रित किया गया था। श्री सजल



साहा,प्रोफेसर मारवाड़ी कॉलेज(हिन्दी विभागाध्यक्ष) ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि हमें औपनिवेशिक काल से बाहर आकर अपनी संस्कृति की ओर लौटना होगा। नई शिक्षा नीति पर प्रकाश डालते हुए हिंदी को कई भाषाओं को आत्मसात करने वाली भाषा बताते हुए हिंदी प्रयोग की प्रतिबद्धता व्यक्त की। हिंदी प्रेमी सेवानिवृत शिक्षक हरी प्रसाद ने कहा कि हिंदी साहित्य में शब्दो का भंडार है, हमें शुद्ध हिंदी बोलने और लिखने की आदत डालनी होगी। एडीसीपीयू, रविशंकर तिवारी ने हिंदी की विविधता को बतलाया।जिला शिक्षा पदाधिकारी सुभाष गुप्ता ने हिंदी के राजभाषा और प्रसार के संबंध में संवैधानिक प्रावधानों अनुच्छेद 343 और 351 को बतलाया और इसे दिल की गहराइयों की भाषा कहा।एसडीएम अमिताभ कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में हिंदी भाषा को विविधताओं में भी संवाद स्थापित करने के कारण सभी भाषाओं का सूत्र बताया और उसे रोजगार की भाषा बनाने पर जोर दिया। संगोष्ठी में आरके साहा महिला महाविद्यालय की शिक्षिका ने साहित्य में हिंदी भाषा के महत्व को रेखांकित कर कविता सुनाया। कार्यक्रम का संचालन वरीय उप समाहर्त्ता रंजीत कुमार ने करते हुए संगोष्ठी को आगे बढ़ाया और राजभाषा हिंदी के इतिहास पर प्रकाश डाला।

हिंदी दिवस समारोह में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के उपरांत सहमति से निबंध लेखन का विषय " राष्ट्रीय एकीकरण में हिंदी भाषा का महत्व " रखा गया। इस निबंध लेखन प्रतियोगिता में लिपिक/प्रधान लिपिक के अतिरिक्त जिला स्तरीय कार्यालय के कई कर्मी ने भाग लिया। डीएम ने सभी प्रतिभागियों को 300 - 500 शब्दो में निबंध लेखन हेतु ब्रीफिंग कर शुभकामनाएं दी।उन्होंने प्रतियोगिता को प्रोत्साहन का तरीका बताया ताकि हिंदी लेखनी को बढ़ाया जा सके। इसमें प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त कर्मियो को जिला स्तरीय युवा उत्सव पर 16 सितंबर को पुरस्कृत किया जाएगा।

समारोह में हिंदी के विद्वान/जानकर लोगो के द्वारा भाग लिया गया। विभागीय निर्देश के आलोक में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया है।

# पथ निर्माण विभाग के कुम्भकर्णी निद्रा का भंग होने का इंतजार।

*महीनों बीत गये पुलिया व सड़क ध्वस्त होने का, किन्तु अबतक उद्धारक जगा नहीं।*

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता, ठाकुरगंज (किशनगंज)**

नगर पंचायत ठाकुरगंज को ठाकुरगंज प्रखंड के विभिन्न पंचायतों को जोड़ते हुए पश्चिम बंगाल के विधान नगर में मौजूद राष्ट्रीय उच्च पथ से जोड़ने वाली सड़क अपने दुर्दिन पर आंसू बहाने को विवश है।

नगर पंचायत ठाकुरगंज में अवस्थित प्रसिद्ध हरगौरी मंदिर के उत्तरी-पूर्वी भाग से गुजरने वाली इस महत्वपूर्ण सड़क पर अवस्थित पुलिया व सड़क महीनों पूर्व ध्वस्त हो चुकी है। उक्त ध्वस्त सड़क के दक्षिणी भाग के मकान मालिकों सुशांतो साहा, शिकु साहा आदि रोजाना किसी सड़क दुर्घटना की आशंका और उससे कारण उनके मकानों को होने वाले सम्भावित नुकसान के भय के साये में जीना पड़ रहा है।

हलांकि बीते श्रावण मास में शिव भक्तों को मंदिर आने-जाने में हो रही भारी समस्या को ध्यान में रखते हुए इसी क्षेत्र में निवास करने वाले समाजसेवी -सह- अधिवक्ता कौशल किशोर यादव और राजद नेता अशोक यादव के संयुक्त प्रयास



से गड्ढे में तब्दील हो चुकी उक्त स्थल में बेडमिसाली आदि से भराव करवाया।

ज्ञात हो कि उक्त मार्ग नगर पंचायत ठाकुरगंज को ठाकुरगंज प्रखण्ड के कनकपुर और सखुआडाली पंचायतों के कई गांवों को जोड़ते हुए पश्चिम बंगाल के विधान नगर तक पहुंचकर राष्ट्रीय उच्च पथ से जुड़ती है। इस मार्ग पर न केवल केला, अनानास, जूट, धान उत्पादकों द्वारा अपने फसलों को बिहार व बंगाल के बाजारों में ले जाया जाता है बल्कि इसी मार्ग पर बालू खदान से बालू ढोती ट्रैक्टर व बड़े-बड़े ट्रक भी गुजरते हैं।

हलांकि उक्त मार्ग भारी वजन ढोने वाले मालवाहकों के आवाजाही हेतु आवश्यक मानक के अनुरूप नहीं है, के बावजूद उक्त मार्ग से बालू ढोते बड़े-बड़े ट्रक और डंपर लगभग रोजाना गुजरते हैं जो किसी भी भयावह दुर्घटना का कारण भविष्य में कभी भी बन सकता है।

वहीं दूसरी ओर कई नगरवासियों का मानना है कि इस मार्ग पर पुलिस चौकी की व्यवस्था शीघ्र करने हेतु सम्बंधित विभाग / प्रशासन को सक्रियता दशार्ने की जरूरत है क्योंकि इस मार्ग होकर बिहार-बंगाल के बाजारों का उपयोग रोजाना किया जाता है।

वही इस सड़क के किनारे बस रहे लोगों के जेहन में रोजाना एक ही सवाल उठता है कि आखिर कबतक पथ निर्माण विभाग की नजरें ध्वस्त हो चुकी पुलिया व सड़क पर इनायत हो सकेगी तथा भारी मालवाहकों के आवाजाही पर नियंत्रण हेतु किस प्रकार की व्यवस्था कबतक अस्तित्व में आ सकेगा।

# हालामाल पंचायत में विशेष सर्वेक्षण कार्य की हुई समीक्षा

*किशनगंज प्रखंड के हालामाला पंचायत सरकार भवन में सरकारी कामकाज का डीएम ने किया निरीक्षण*

**दैनिक समाज जागरण, किशनगंज**

प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ एवम संवेदनशील बनाने के निमित जिलाधिकारी, श्रीकांत शास्त्री ने किशनगंज प्रखंड के हालामला पंचायत सरकार भवन में सरकारी कामकाज और अभिलेख संधारण का निरीक्षण किया है। मौके पर जिला पंचायत राज पदाधिकारी मो जफर आलम भी मौजूद रहे।

डीएम ने किशनगंज प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत हालामाला के पंचायत सरकार भवन में जाकर पंचायत में चल रहे योजनाओं से संबंधित अभिलेख का निरीक्षण किया।

जिला पदाधिकारी द्वारा पंचायत में चल रहे विशेष सर्वे संबंधी कार्यों का भी निरीक्षण किया गया एवं वहां उपस्थित अमीन एवं सहायक बंदोबस्त



अधिकारी से विशेष सर्वेक्षण और बंदोबस्त कार्यों की समीक्षा भी की गई ।

जिलाधिकारी द्वारा पूरे पंचायत सरकार भवन के सभी कमरों में भ्रमण कर यथा आरटीपीएस काउंटर, राजस्व कर्मचारियों के बैठने का कक्ष, पंचायत समिति सदस्य के बैठने का कक्ष इत्यादि का भी निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक निर्देश दिया गया। किशनगंज डीएम श्रीकांत शास्त्री ने पंचायत में क्रियाशील पंचायती राज विभाग की योजनाओ के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई।

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत राज पदाधिकारी मो० जफर आलम, प्रखंड विकास पदाधिकारी किशनगंज नीरज कुमार, पंचायत सचिव हालामाला, उक्त पंचायत के पंचायत रोजगार सेवक, आवास सहायक, विकास मित्र, मुखिया एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# नयाग्राम उत्पाद विभाग को मिली बड़ी सफलता

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम जिला संवाददाता**

झाड़ग्राम जिले भर में चुलाई शराब का कारोबार धड़ल्ले चल रहा है। गांवों में तमाम जागरूकता कार्यक्रमों के बावजूद उत्पाद विभाग शराब के कारोबार पर रोक लगाने में विफल रही है। आखिरकार आज नयाग्राम उत्पाद विभाग के थाना प्रभारी जयंत बोस की देखरेख में कई गांवों में



ताबड़तोड़ छापेमारी की गयी। जिसमें सांकराइल थाना अंतर्गत पलोइदंगा मुराकाटी तुलसीबनी कांको बेनागेरिया आदि गांव शामिल है। कार्रवाई में जंगल से 160 लीटर चुलाई शराब और 3840 लीटर शराब बनाने का सामान बरामद किया गया। उत्पाद विभाग के थाना प्रभारी जयंत बोस ने गांव के आम लोगों को शराब नहीं पीने का हिदायत दिया। तथा भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई करने की बात कही।

# जिला पदाधिकारी द्वारा संस्थान के कार्यालय, वर्ग कक्ष एवम किशोरें के वार्ड का निरीक्षण किया गया

**दैनिक समाज जागरण, किशनगंज**

जिला पदाधिकारी, श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिला निरीक्षण समिति द्वारा सुरक्षित स्थान, किशनगंज का निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण में जिला पदाधिकारी द्वारा संस्थान के कार्यालय, वर्ग कक्ष एवम किशोरों के वार्ड का निरीक्षण किया, जिसे संतोषजनक पाया। संस्थान के साफ सफाई पर भी संतोष व्यक्त किया गया। संस्थान में वर्तमान में 48 विधि विवादित किशोर आवासित हैं

जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा किशोरों के भोजन में मौसमी शाक सब्जी शामिल किए जाने, किशोरों के शिक्षा एवम कक्षा का नियमित हेतु शिक्षक की प्रतिनियुक्ति का निदेश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा संस्थान में आवासित किशोरों के चिकित्सा एवम रिहैबिलिटेशन संबंधी जानकारी ली गई तथा गर्मी के मौसम को किशोरों के विशेष ख्याल रखने का निदेश दिया गया। किशोरों की विस्तृत दिनचर्या निर्धारित करने यथा दैनिक आधार पर निबंध लेखन, वाद-विवाद प्रतियोगिता, टेलीविजन के माध्यम से शिक्षा, खेलकूद का आयोजन, अभिरुचि के आधार पर शतरंज, कैरमबोर्ड आदि पर समय निर्धारित करने, सामान्य ज्ञान की पुस्तकों का अध्ययन एवं प्रश्नोत्तर कार्यक्रम, प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी हेतु पुस्तकों, समाचारपत्रों, मैगजीन की उपलब्धता सुनिश्चित करने का विशेष निदेश दिया गया।

निरीक्षण समिति में सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, रविशंकर तिवारी सहित पुलिस उपाधीक्षक,(मु०) अजीत प्रताप सिंह चौहान जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सर्व शिक्षा अभियान , सूरज कुमार झा, सदस्य, किशोर न्याय परिषद, दीपक कुमार एवम मीरा कुमारी के साथ बिपिन बिहारी उपस्थित थे।

जिले में संचालित सुरक्षित स्थान का निरीक्षण त्रैमासिक(तीन माह में एक बार) रूप से जिला निरीक्षण समिति द्वारा नियमित रूप से किया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष की तीसरी तिमाही का ये निरीक्षण किया गया।

# हिंदी दिवस / हिंदी पखवाडा कार्यक्रम का आयोजन

**उत्तम सिंह: संवाददाता:दैनिक समाज जागरण:ब्यूरोचीफ (दार्जिलिंग)**



गुरुवार को हिंदी दिवस / हिंदी पखवाडा कार्यक्रम का आयोजन 41 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल रानीडंगा में किया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ श्री अरुण ब्याला उप कमांडेंट कार्यवाहक कमांडेंट 41 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल रानीडंगा ने गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं महानिदेशक सशस्त्र सीमा बल के संदेशों का वाचन किया। एवं हिंदी के महत्व व इसके पृष्ठिभूमि के बारे में बताया ।

इसके बाद कार्यवाहक कमांडेंट महोदय ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए हिंदी पखवाडा दिनांक 14.09.2023 से 29.09.2023 तक मनाया जायेगा जहाँ विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएँगी ।

इन प्रतियोगिताओं में हिंदी श्रुतलेख प्रतियोगिता हिंदी निबंध प्रतियोगिता प्रश्नोतरी प्रतियोगिता प्रमुख होंगी । इसके बाद अंग्रेजी - हिंदी शब्दकोष प्रतियोगिता आयोजित की गयी जहाँ हिंदीतर भाषी बलकर्मियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया हिंदी दिवस कार्यक्रम में वाहिनी के अधिकारी श्री अरुण ब्याला (उप कमांडेंट)( कार्यवाहन कमांडेंट)श्री त्रिभुवन प्रसाद ,उप कमांडेंट एवं अन्य बलकर्मी उपस्थित रहें ।

# सिलीगुड़ी में फिर और एक बार 20 लाख रुपये का यासार्गुबा बरामद

**उत्तम सिंह: संवाददाता: दैनिक समाज जागरण:ब्यूरोचीफ:(दार्जिलिंग)**

आमबाड़ी रेंज के वनकर्मियों ने अभियान चलाकर एक बार फिर करीब 20 लाख रुपये मूल्य के यासार्गुबा बरामद किया है। बुधवार रात को आमबाड़ी रेंजर आलमगीर हक के नेतृत्व में वनकर्मियों ने सिलीगुड़ी के विभिन्न जगहों पर अभियान चलाकर करीब 800 ग्राम यासार्गुबा बरामद किया है।इसकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई जा रही है।

ज्ञात हो कि गुप्त सूचना के आधार पर आमबाड़ी रेंज के रेंजर आलमगीर हक के नेतृत्व में वनकर्मियों ने 8 सितंबर को सिलीगुड़ी के समरनगर इलाके में अभियान चलाकर बहुमूल्य यासार्गुबा के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया था। सिलीगुड़ी में हैंडओवर के बाद तस्करों ने इन यासार्गुबा को नेपाल के रास्ते चीन में तस्करी करने की योजना बनाई थी। इससे पहले गुप्त सूत्रों के आधार पर अभियान चलाकर वनकर्मियों ने उक्त दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया था।

इनके पास से करीब 13 ग्राम यासार्गुबा बरामद किए गए थे। आरोपियों से पूछताछ के बाद बुधवार को सिलीगुड़ी में विभिन्न जगहों पर अभियान चलाकर 800 ग्राम यासार्गुबा बरामद किया गया है। हालांकि, इस मामले में कल किसी की गिरफ्तार नहीं हो पाई है।

# पोठिया: नाबालिग लड़की के साथ हुए गैंग रेप के दोनों आरोपी 24 घंटा के अंदर किया गया गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

पुलिस अधीक्षक डॉ. इनामुल हक मेगनू के द्वारा जानकारी दी गई की दिनांक 12.09.23 को समय करीब 23:00 बजे पुलिस को सूचना प्राप्त हुई की पोठिया थाना अन्तर्गत एक नाबालिग लड़की के साथ उसी के बस्ती के दो लड़के के द्वारा सामूहिक बलात्कार की घटना को अंजाम दिया गया है तथा पीड़िता का ईलाज एम.जी.एम. मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कारवाई हेतु थानाध्यक्ष, महिला थाना सशस्त्र बल के साथ एम.जी.एम. मेडिकल कॉलेज पहुँच कर महिला पुलिस पदाधिकारी द्वारा पीड़िता के परिजनों के समक्ष ब्यान लिया गया। जिसके आधार पर महिला थाना कांड सं.-43 / 23, दि.-13.09.23, धारा 376 (डी) मा.द.वि. एवं 4/6 पोक्सो एक्ट के अन्तर्गत प्राथमिकी के नामजद आरोपी आरिफ, पिता स्व. युनुस एवं फैजुल पिता. स्व. जमालुद्दीन दोनों साकिन गंजाबाडी वार्ड नं.-08, थाना-पोठिया, जिला-किशनगंज को पीड़िता के साथ सामूहिक बलात्कार करने के आरोप में काण्ड अंकित किया गया। तथा पीड़िता के निगरानी हेतु महिला सिपाही को तैनात किया गया।

अनुसंधान के क्रम में घटना की गम्भीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम पूर्णियों को घटनास्थल के निरीक्षण तथा साक्ष्य (प्रदर्श) संकलन हेतु सूचना दिया गया एवं तत्काल पोठिया थानाध्यक्ष को घटनास्थल पर जाकर घटनास्थल को सील किया गया। उक्त काण्ड के दोनों अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, किशनगंज के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। टीम द्वारा लगातार छापामारी कर 24 घंटे के अंदर दोनों प्राथमिकी अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई तथा फोरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुँचकर घटनास्थल से प्रदर्श को संग्रहित कर सीलबंद किया गया कांड की पीड़िता का चिकित्सीय जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने पर न्यायालय में च.प्र.सं. की धारा 164 के तहत बयान दर्ज कराया जायेगा तथा दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय में उपस्थापन कर अग्रिम कार्रवाई की जायेगी। वर्तमान में पीड़िता की स्थिति समान्य है तथा प्राथमिकी अभियुक्तों के विरुद्ध प्राप्त साक्ष्य की आधार पर एक सप्ताह के अंदर आरोप पत्र समर्पित करने की संभावना है।

# नव नियुक्त कर्मचारियों को एक साल से नहीं हुआ वेतन का भुगतान स्थिति गंभीर

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार,काराकाट रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत काराकाट प्रखंड के नव नियुक्त कर्मचारियों को एक साल से वेतन का भुगतान नहीं हुआ। कर्मचारियों का हालत काफी दयनीय हो गई है। रोहतास जिला में 19 प्रखंड है जिसमें 18 प्रखंड के नव नियुक्त कर्मचारियों का वेतन भुगतान हो चुका है। लेकिन काराकाट प्रखंड के कर्मचारियों का वेतन अब तक भुगतान नहीं किया गया। वेतन भुगतान में किसकी लापरवाही है ये समझ से परे है। सभी अपनी जबाबदेही से बचते नजर आये। जब अंचल कार्यालय से वर्तन भुगतान नहीं होने के कारण की जानकारी ली गयी तो बताया गया कि नव नियुक्त कर्मचारियों का वेतन भुगतान विवरणी एक सप्ताह पूर्व जिला मुख्यालय कार्यालय को भेजा जा चुका है। जब 18 प्रखंडों के नव नियुक्त कर्मचारियों का वेतन भुगतान हो चुका है तो काराकाट प्रखंड के नौ कर्मचारी नियुक्त है। लेकिन नव नियुक्त कर्मचारियों का वेतन भुगतान नहीं करना अंचल कार्यालय का साफ तौर पर लापरवाही नजर आता है। काराकाट प्रखंड व अंचल रोहतास जिला में 19 पंचायत व एक नगर पंचायत है। नव नियुक्त कर्मचारियों का अब कार्य क्षमता जबाब देने लगा है। नव नियुक्त कर्मचारियों का मानसिक व पारिवारिक परेशानी सामने आने लगी है। दबे जुबान से बताते है कि 1 सितंबर 2022 से 15 दिन तक जिला मुख्यालय सासाराम में प्रशिक्षण में रहे। 17 सितंबर 2022 से काराकाट अंचल कार्यालय में योगदान लिये उसके बाद अब तक अंचल कार्यालय में कार्य कर रहे है। लेकिन वेतन का भुगतान नहीं हुआ। अब तो घर परिवार चलना काफी मुश्किल होने लगा है। नव नियुक्त कर्मचारियों ने बिहार सरकार से लेकर रोहतास जिकाधिकारी से वेतन भुगतान करने की मांग किया।

# भाजपा कार्यकर्ता मेरा माटी-मेरा देश कार्यक्रम तहत पहुंचे घर-घर

## *लोगों से मिट्टी चावल संग्रहित कर वीर सपूतों को किया नमन*

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

वीर सपूतों की याद में मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम अभियान तहत भाजपा कार्यकर्ता पहुंच रहें घर-घर । इसको लेकर भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री सह काराकाट विधानसभा भावी प्रत्याशी डॉ० मनीष रंजन ने काराकाट प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में कार्यकताओं के साथ जनसंपर्क किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकताओं ने गुरुवार को देव मारकंडेय पंचायत के अवदानी बिगहा गांव में शक्ति केंद्र प्रमुख प्रभारी अंटू सिंह व धनहरा पंचायत के पडसर गांव में शक्ति केंद्र प्रमुख प्रभारी विमलेश तिवारी के नेतृव में प्रत्येक घर से पवित्र मिट्टी,चावल को अमृत कलश में संग्रहित कर वीर सपूतों को नमन किया। जबकि मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता डॉ० मनीष रंजन ने बताया कि मेरी माटी मेरा देश अभियान जन जन का अभियान बन



चुका है। जो देश की मिट्टी वीर सपूतों के वीरता की अटूट विरासत को समेट कर भविष्य के लिए प्रेरणादायी नींव रखने का ऐतिहासिक कार्य करेगी । साथ ही साथ यह कार्यक्रम भारतीय अखण्डता का प्रतीक भी है ।जिसको लेकर शहर से लेकर गांव तक प्रत्येक घर की एक मुठ्ठी माटी कलश में एकत्रित की जा रही है। जिस कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकर्ता काराकाट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी जनता से मिलकर अभियान को सफल बनाने के लिए वीर सपूतों के याद में मेरा माटी-मेरा देश कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु लोगों के घर-घर पहुंच रहें है। इस मौके भाजपा नेता सुनील सिंह, अजीत सिंह,भीम पांडेय, राहुल सिंह, संजीव सिंह,अरुण सिंह, अवधेश तिवारी, मनोज सिंह, हरेंद्र हरियाली, जगरनाथ सिंह,उमेश सिंह,गुडू सिंह व मुखिया विंध्याचल ठाकुर, पैक्स अध्यक्ष तेज नारायण सिंह, राजकुमार सिंह, हदयानंद सिंह सहित सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद थें।

# सात निश्चय योजना के तहत हर घर नल योजना से लोग अभी तक वंचित, कागजों ने सोखा नल का जल

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार रोहतास ब्यूरो**

बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी नल जल योजना रोहतास जिले के संझौली प्रखंड में अनियमितता की भेंट चढ़ गई है। गौरतलब हो कि प्रखंड के करमैनी पंचायत अंतर्गत गांव अमाडाढ़ वार्ड 13 में जलापूर्ति के लिए टावर बनाए गए हैं। लेकिन अफसोस कि टावर पर रखे सेनटेक्श को आंधी उड़ा ले गयी, जहां उसकी खबर अधिकारी को पता नहीं। करीब 170 घरों वाले इस गांव के घरों में अब तक नल से जल नहीं टपका। चार वर्ष पहले घरों तक जल पहुंचाने के लिए गांवों में बिछाए गए पाइप भी या तो टूट गए हैं या फिर उखड़ कर गांव के नन्हें मुन्ने बच्चों का खिलौना बन गए है। और ग्रामीण अपने घरों में नल से जल टपकने की अब आस भी छोड़ चुके हैं। घरों में जो नल लगाए गए थे, वह भी अधिकांश घटिया किस्म के, हैरत की बात तो यह है कि वार्ड सदस्य के द्वारा कई बार संबंधित अधिकारियों को आवेदन देने के बाद भी कोई पहल नहीं हुआ। और तो और संबंधित कनीय अभियंता व पंचायती राज विभाग के अधिकारी भी इससे अनभिज्ञ हैं। सम्पर्क करने पर अब पीएचईडी की जिम्मेदारी होने की बात कह पल्ला झाड़ते नजर आते हैं। जबकि दो महीने पूर्व ही पीएचईडी को जिम्मेदारी दी गई है। ग्रामीण सवाल उठाते हैं कि इसके पूर्व तीन सालों से अधिकारियों को इस बारे में जानकारी तक नहीं हुई, इससे बड़ी बात और क्या हो सकती है। ग्रामीणों की माने तो आमाडाढ गांव में तीन वर्ष पूर्व ही सिर्फ स्ट्रक्चर बना था व गांवो में पाइप बिछाई गई थी। जिसकी प्राक्कलित राशि करीब 13 से 14 लाख थी। जबकि पिछले साल स्ट्रक्चर पर टंकी ऊपर रखा गया तो ग्रामीणों को उम्मीद जगी कि घरों में नल से जल अब जरुर टपकेगा। पर नल से जल टपकने की बात तो



दूर, टंकी में जल भरने से पूर्व ही आंधी ने टंकी उड़ा ले गयी। स्थानीय ग्रामीण बिनोद कुमार, अलगू शर्मा व मथुरा प्रसाद आदि ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जलापूर्ति के लिए टावर बनाए गए हैं। गांव के घरों में कभी नल से जल नहीं टपका। तीन चार वर्ष पूर्व स्ट्रक्चर बनाए गए इसके दो वर्ष बाद टंकी लगा। लेकिन वह टंकी भी आंधी में उड़ गया। अब गांव के लोग नल से जल की आस ही छोड़ चुके हैं। सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना वाली नल से जल पीने की आस भी पूरी हो जायेगी। पर अब क्या पूरी होगी। घर में पानी तो आया नहीं,अब तो बस गांव में यह नल जल का स्ट्रक्चर सिर्फ दिखावा के लिए बनी है। किसी को इससे फायदा होने की बात कोसों दूर है। करीब 13 लाख की लागत से यहां काम हुआ था। क्या क्या काम हुआ, सब सामने है। इसकी जांच होनी चाहिए। वार्ड सदस्य लालबाबू राम का कहना कि मेरे कार्यकाल से पहले से ही नल जल बंद है। कई बार जेई को इसे चालू करने के लिए आवेदन भी दिया। पर अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुई। यहां सिर्फ स्ट्रक्चर और बोरिंग है, समरसेबुल भी नही है। अधिकारियों से गुहार लगाते लगाते थक चुके हैं। प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी स्वेता कुमारी कहती हैं कि मुझे इसकी जानकारी नहीं है। अब तो पीएचईडी के जिम्मे हो गया हैं। पीएचईडी के अधिकारियों से बात करते हैं। जेई अजय कुमार बताते हैं अब तक क्यों नहीं चालू हुआ,इसका कारण मुझे पता नहीं है। पंजी देखने के बाद ही पूरी जानकारी बता पाएंगे।

# सासाराम जंक्शन से धनबाद जंक्शन के लिए इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन शुरू

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि सासाराम रोहतास**

लंबे अरसे से की जा रही लोगों की मांग को देखते हुए सासाराम जंक्शन से धनबाद जंक्शन के लिए इंटरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन आज से शुरू होने जा रही है ! विदित हो कि सासाराम जंक्शन पर इंटरसिटी एक्सप्रेस सज धज कर दुल्हन की तरह तैयार है। जहां आज से धनबाद जंक्शन के लिए रवाना होगी, इंटरसिटी एक्सप्रेस मन ही मन ऐसे इतरा रही है जैसे कि इंटरसिटी एक्सप्रेस को पहले से ही सासाराम से चलने की तैयारी में थी,और इसलिए इंटरसिटी एक्सप्रेस मन ही मन मुस्कुरा रही है कि अब शेरशाह सुरी की धरती से सहस्त्रबाहु परशुराम जी कि धरती से चलने का जो मौका मिला है ! इस गाड़ी की परिचालन में पुलिस पब्लिक हेल्पलाइन टीम की लगन एवं कड़ी मेहनत का मिला सुखद परिणाम है, 15 सितंबर 2023 यानी कि आज से ही 13305/13306 धनबाद-डेहरी इंटरसिटी एक्सप्रेस का सासाराम



जंक्शन तक हुआ विस्तार,अब सासाराम के लोगों को दोपहर में औरंगाबाद, गया, कोडरमा एवं धनबाद जाने के लिए होगी यह नई ट्रेन है।पब्लिक हेल्पलाइन टीम के सदस्य कुंडल सिंह जावेद अख्तर एवं श्याम सुंदर पासवान द्वारा लगातार अधिकारियों से संपर्क कर इस ट्रेन का विस्तार हुआ है जो कि सासाराम जंक्शन से संध्या 3:25 पर खुलने का समय निर्धारित किया गया है ! सासाराम जंक्शन तक कराने में रही सफल, डीडीयू मंडल, हाजीपुर जोन, एवं रेलवे बोर्ड के अधिकारियों को और रेल मंत्री को उक्त टीम ने व सासाराम नगर वासियों की तरफ से बधाई दी है।बधाई देने वालों ने पुलिस पब्लिक हेल्पलाइन के कुंडल सिंह, जावेद अख्तर, श्याम सुंदर पासवान, सूर्यनाथ सिंह, रमेश कुमार पांडे, धनंजय मेहता, पतंजलि मिश्रा, नवल किशोर, मोहम्मद फैयाज, प्रवीण कुमार वर्मा, सपना कुमारी, सृष्टि चौबे, अभिनंदन कुमार, और खुशबू कुमारी आदि शामिल है।

# 29 लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार, बाइक जप्त

**दैनिक समाज जागरण विकाश शुक्ला,चेनारी रोहतास**

रोहतास जिले के चेनारी थाने की पुलिस ने चेनारी दक्षिण मोहल्ले में गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार की देर शाम को छापामारी कर 29 लीटर महुआ निर्मित देसी शराब बरामद किया है। शराब के साथ तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि उक्त मोहल्ले में एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। पुलिस ने 29 लीटर शराब के साथ दक्षिण मोहल्ला निवासी स्वर्गीय हरिशंकर राम के पुत्र मनीष कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# मुख्य पार्षद के विरुद्ध पार्षद गण ने दिया अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत कोचस नगर पंचायत के 10 पार्षदों द्वारा मुख्य पार्षदो के विरुद्ध दिए गए आवेदन के बाद नगर पंचायत मुख्य पार्षद स्नेहा कुमारी पर अविश्वास प्रस्ताव का तलवार लटक गया है। नगर कार्यालय मे पार्षदों का लिखित शिकायत पत्र पहुचते ही नगर पंचायत की राजनीतिक गर्माहट तेज हो गई है। पार्षदों ने बताया कि नगर पंचायत कोचस के मुख्य पार्षद को निर्वाचित हुए दो वर्ष से अधिक हो चुके है। किंतु अभी तक उनके अपने पद के निर्वहन में अनियमितता तथा उनके द्वारा अपने पद की शक्तियों का दुरुपयोग से हम कोचस नगर पंचायत के निर्वाचित पार्षद गण उनके कार्य एवं व्यवहार से पूर्णतः असंतुष्ट हैं। मुख पार्षद अपनी पद का दुरुपयोग



की है जिस वजह से हम सभी पार्षद गण उनके विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन कार्यालय को सौंपा हैं। वही आवेदन के मुताबिक मुख्य पार्षद के विरुद्ध निर्वाचित पार्षद गण का आरोप है कि अपनी कुर्सी बचाने के लिए निर्वाचित वार्ड पार्षदों के बीच तरह-तरह से फूट डालने का प्रयास किया गया है तथा अपने पद का दुरुपयोग कर नगर पंचायत कोचस के क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यो में कमिशन हेतु संवेदकों को प्रताड़ित किया गया है। मौके पर धर्मशिला देवी, कुसुम देवी, मुमताज इदरीसी, अंजना देवी, मुद्रिका सिंह, रूबी देवी, अशोक कुमार सिंह, अंशु चौधरी वीरेंद्र चौधरी, तथा जयप्रकाश सिंह उपस्थित थे।

# आज हिंदी दिवस है : विभिन्न संस्थानों ने इसके महत्व पर डाला प्रकाश

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

आज हिंदी दिवस है और हिंदी दिवस के अवसर पर विभिन्न विद्यालय एवं बुद्धिजीवियों के द्वारा हिंदी दिवस की महता पर प्रकाश डाला गया व कार्यक्रम किए गए। मालूम हो कि आज ही के दिन 14 सितंबर 1949 ई को एक आयोग के द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा से राजभाषा का दर्जा दिया गया और देवनागरी लिपि की स्वीकृति मिली। उसके बाद से 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में इस देश में एक तिथि निर्धारित कर मनाए जाने की परंपरा की शुरूआत हुई। इस अवसर पर शैक्षिक संस्थानों सहित विभिन्न सरकारी व निजी संस्थान में विभिन्न हिंदी की महता को बतलाया और याद किया जाता है। शिशु शिक्षा मंदिर विद्यालय के प्रधनाध्यापक सुरेश तिवारी ने हिंदी की महता पर प्रकाश डालते हुए बतलाया कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा राजभाषा और मातृभाषा के तौर पर प्रयोग किया जाता है और हिंदी हम सभी देशवासियों को एक सूत्र में बांधने का प्रयास करती है। वहीं शिक्षक अनिल कुमार पासवान ने बताया कि हिंदी की महता का वर्णन हमारे सभ्यता और संस्कृति से ही है और इस भाषा के प्रयोग से हमारे देश की एक खूबसूरती बढ़ती है। क्योंकि यही एक भाषा है, जो पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती है। हिंदी को एकता के सूत्र में सभी को बांधने का एक डोर भी उन्होंने कहा। वही आज विभिन्न निजी विद्यालय में भी हिंदी की महता पर प्रकाश डाला गया और बच्चों के बीच हिंदी दिवस के बारे में बतलाया गया। प्रखंड क्षेत्र के काराकाट,गोरारी,बाद,करूप,नाद सहित विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों में हिंदी दिवस की महता पर प्रकाश डाला गया व कार्यक्रम हुए।

# शिविर में भूमि सुधार व ऑन लाइन के लिए दर्जनों लोगों ने दिया आवेदन

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी, राजपुर रोहतास**

रोहतास जिले के राजपुर अंचल कार्यालय परिसर में भूमि सुधार संबंधी मामलों के निष्पादन हेतु आयोजित शिविर के दौरान गुरूवार को एक दर्जन लोगों ने आवेदन प्रदान किया। जानकारी प्रदान करते हुए रेवेन्यू ऑफिसर तारूलाता ने बताया कि दाखिल खारिज,परिमार्जन,भूमापी आदि मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु सरकार द्वारा प्रत्येक गुरुवार को अंचल कार्यालय परिसर में शिविर का आयोजन किया जाता है।शिविर के दौरान भूमि सुधार,ऑन लाईन व विवादित भूमि की मापी संबंधित मामलों के लगभग एक



दर्जन आवेदन प्राप्त हुए हैं। कई आवेदकों के डॉक्यूमेंट काउंसलिंग के दौरान आवेदन के साथ संलग्न कागजात में त्रुटियां पाई गई। जिसका निराकरण करने की बात समझाते हुए पुनः अगले शिविर में आवेदन लेकर आने को कहा गया। उन्होंने बताया कि रजिस्टर टू के अधिकतर पन्ने सडकर फट गए हैं। जिस कारण क्षेत्र के रैयतों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। मौके पर अंचल कर्मी मो जावेद,राजस्व कर्मचारी सतनारायण शाह,कुंदन कुमार,शनी कुमार सोनी,लिपिक संदीप कुमार,डाटा ऑपरेटर जितेंद्र सिंह समेत सभी कर्मी मौजूद रहे

# हिन्दी दिवस पर कवियों ने बाधां शमां , हिंदी कवि किये गये सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर प्रखंड अंतर्गत गुरुवार को नेहरु युवा केन्द्र, रोहतास (सासाराम) के तत्वाधान में ग्रामोदय सेवा संस्थान करगहर सिरसिया करगहर के बैनर तले हिन्दी दिवस पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगीना चौरसिया ने की। इस कार्यक्रम का उद्घाटन श्री विकास कुमार कनीय अभियंता सिंचाई विभाग करगहर ने द्वीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में कवि सरोज तिवारी ने अपने मुखार विंद से हिन्दी दिवस को लेकर कविता सुनाया। तन भी सुन्दर, मन भी सुन्दर.......... हिन्दी भाषा है अति सुंदर. ..... के प्रस्तुती पर उपस्थित




लोगो को ताली बजाने पर मजबूर कर दिये। वही कवि लोकेश आनंद ने भी हिन्दी भाषा पर राष्ट्र कवियों के अनेकों छंद गाकर व कविता की एक से एक प्रस्तुति दिये। उपस्थित लोगो ने कविता सुनकर खुब वहा वाही लूटे। मौके पर अनुपम कुमार (प्रशिक्षक नेहरु युवा केन्द्र रोहतास), पंकज कुमार प्रियांशु (निदेशक प्रशासन एवम लेखा) प्रमोद कुमार सिंह (कार्यक्रम निदेशक) कन्हैया प्रजापति (वार्ड सदस्य) अजय कुमार सोनी ,मुना चौरसिया, राजेन्द्र चौरसिया टुनटुन कुमार, मनीष कुमार ओमकार पाण्डेय, आयुष कुमार, अभिषेक कुमार सहित कई अन्य गणमान्य सहभागी उपस्थित रहे।

# अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता के०के०दूबे, दिनारा रोहतास**

बिलिंग गुणवत्ता एवं बकायेदार उपभोक्ताओं की जांच के क्रम में अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर कनीय विद्युत अभियंता, दिनारा विकाश कुमार शर्मा ने प्राथमिकी दर्ज की है। बताते चलें कि बकायेदार उपभोक्ताओं का विद्युत विपत्र की राशि बकाया रहने के कारण विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर विद्युत कनेक्शन काट रही है परंतु कुछ उपभोक्ताओं द्वारा बिना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा किये अवैध रूप से तार जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी करने लग रहे हैं। इसी बीच रोहतास जिले में प्रखंड दिनारा के उपभोक्ताओं का बिजली बिल भुगतान न होने पर विद्युत कनेक्शन काटने के पश्चात अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने पर क्षेत्र के तेनुअज गांव निवासी हीरा लाल साह पर बकाया और दंडित राशि दोनों जोड़कर 94516 रुपये राजस्व की क्षति लगाई गई है। और मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी में धनजी पर 30428 तथा शिवबचन सिंह पर 29264 रुपये दंडित राशि लगाई गई है। वहीं जांच दल द्वारा मिश्रवलिया गांव में बिना कोई कनेक्शन लिए अवैध रूप से बिजली जलाने को लेकर सरोज कुमार पर 14956 रुपये जुमार्ना लगाया। सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा सभी उपभोक्ताओं से विनम्रता पूर्वक अपील किया है कि जिनका बिजली बिल भुगतान बाकी है और बिजली सप्लाई अवरुद्ध है वो अपना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा करने के पश्चात ही विद्युत ऊर्जा का उपभोग करें एवं अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें, अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उक्त अभियुक्तों के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत नटवार थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

# कृषि संवाद कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिको ने उद्यमी बनने हेतू प्रगतिशील किसानों को किया प्रेरित

**दैनिक समाज जागरण बिक्रमगंज रोहतास**

कृषि विज्ञान केंद्र, रोहतास बिक्रमगंज द्वारा जिले में पहली बार गुरुवार को बिहार उद्योग संघ के समन्वय से कृषि संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान हिंदी दिवस भी कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा मनाया गया। इस कार्यक्रम में जिले के प्रगतिशील कृषक, किसान उत्पादक समूह, कृषि उद्यमी, एग्री स्टार्टअप इत्यादि सहित 50 कृषकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन संयुक्त रूप से प्राचार्य,वीर कुंवर सिंह कृषि महाविद्यालय, डुमरांव, डॉ मुकेश कुमार सिन्हा, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान केविके डॉ शोभा रानी एवं श्री अभिषेक कुमार, सेक्रेटरी जनरल, अध्यक्ष, एंटरप्रेन्योरशिप एसोसिएशन ऑफ इंडिया के द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक आरके जलज डॉ. रमाकांत सिंह, सिंचाई अनुसंधान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक डॉ विनोद कुमार एवं बिहार उद्यमी संघ राजा कलाम, राजेश कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य, डॉ मुकेश सिन्हा ने किसानों को उद्यमी बनने हेतु प्रेरित किया एवं कहां की इस जिले के किसान अपनी समस्याओं को कृषि महाविद्यालय, डुमरांव एवं कृषि विज्ञान केंद्र, रोहतास के वैज्ञानिकों के समक्ष रखकर समाधान प्राप्त कर सकते हैं। वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ शोभा रानी ने अपने संबोधन के दौरान कहा की सभी महिला एवं पुरुष उद्यमी को कृषि विज्ञान केंद्र हर संभव मदद मुहैया कराने का प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया और आगे भी बैंक से जोड़ने का कार्य कृषि विज्ञान केंद्र करेगी।इस कार्यक्रम के तहत मूल्य संवर्धित उत्पादों के विपणन, कृषि क्षेत्र में उपलब्ध योजनाएं, क्रेडिट और मार्केटिंग लिंकेज के बारे में विस्तार से बतायी। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया की जल्द ही कृषि विज्ञान केंद्र में जिला उद्योग केंद्र के कर्मी एवं बैंक के पदाधिकारियों का संयुक्त रूप से किसानों हेतु कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। बिहार उद्यमी संघ के अभिषेक कुमार ने कृषकों को एक सफल उद्यमी बनने हेतु उपलब्ध सरकारी योजनाएं, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का उपयोग एवं बैंक की आवेदन प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। कार्यक्रम में उद्यमी संगीता गुप्ता ने अपने प्रसंस्कृत उत्पादन के विपणन की परेशानियों के बारे में बताया।धर्मेंद्र उपाध्याय ने अपने कृषक उत्पादक समूह, कस्टम हायरिंग सेंटर, ट्रेडमार्क एवं आईआईटी संस्थान से प्राप्त प्रोजेक्ट के कार्यों की चर्चा की। कृषक श्री विजय सिंह ने अपने खेतों में लगाए हुए विभिन्न धान के प्रभेदो के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम में मौजूद श्री गुलाब सिंह ने सूकर फॉर्म के विपणन एवं मूल्य संवर्धन की चर्चा की उनके अनुसार उनके फार्म में सालाना 5 लाख की आमदानी प्राप्त हो रही है।

# साइकिल चोरी की प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार,काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले के काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत कौपा गांव की मोरी पर खड़ी साइकिल की चोरी अज्ञात लोगों के द्वारा कर ली गई।पीड़ित थाना क्षेत्र के पांडेय डिहरी निवासी राम बिहारी राय के 22 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार बुधवार की देर शाम साइकिल से खेत घूमने के वास्ते आये और उन्होंने अपने साइकिल को कौपा गांव के मोरी के समीप खड़ा कर खेत घूमने के लिए चले गए। जब खेत घूम कर आए तो उक्त स्थल पर उनकी साइकिल नहीं थी । उन्होंने अपने साइकिल की खोजबीन काफी किए , लेकिन किसी तरह की कोई सुराक नहीं मिली। साइकिल को खोजते-खोजते



श्री कुमार जब सकला और कौपा गांव में आये तो दोनों गांव के लोगों ने बताया कि पल्सर बाइक पर दो सवार अज्ञात लोगों ने साइकिल को सकला और कौपा गांव की ओर ले गए। जिस घटना की वारदात कौपा गांव के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। उक्त मामले को लेकर पीड़ित के द्वारा साइकिल चोरी की घटना को लेकर लिखित आवेदन देकर अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है । थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने बताया कि साइकिल चोरी की घटना की सूचना प्राप्त हुई है । पीड़ित के द्वारा उक्त मामले को लेकर अज्ञात लोगों के विरुद्ध लिखित आवेदन दिया गया है। जिसको लेकर स्थानीय पुलिस प्राथमिकी दर्ज करते हुए मामले की छानबीन में जुट गई है।

# 9 माह की शिशु को विषैले जीव ने काटा हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

बुधवार के दिन घर में खेल रही एक 9 माह की नवजात बच्ची को विसैले सर्प ने काट लिया, जिसमें उसकी मौत हो गई। मृतक शिशु कोचस थाना क्षेत्र के मठिया गांव निवासी राम दरस सिंह की 9 वर्षीय पोती बताई जा रही है। बताया जाता है कि बच्ची अपने घर में खेल रही थी तभी अचानक उसे विषैले सर्प ने काट लिया। बच्ची रात मे घर के बेड पर सो गई सुबह जब मां ने बच्ची को जागने गई तो देखा कि उसकी मौत हो गई है। वही मौत के बाद मां का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

# मलियाबाग मे इंडिया गठबंधन की बैठक सम्पन्न

**दैनिक समाज जागरण साहिल राज,दावथ रोहतास**

रोहतास जिले के दावथ प्रखंड अंतर्गत अतिमा मैरेज हाल मलियाबाग मे गुरुवार को सामुहिक पार्टी अध्यक्ष मंडल की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य एजेंडा पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूती एवं बुथ कमिटी का गठन करना था। दावथ प्रखंड के विभिन्न पंचायत से आये हुये नेताओं ने अपनी अपनी बहुमूल्य विचार व्यक्त किये तथा कोआथ नगर पंचायत में इंडिया गठबंधन की बैठक कर



बुथ स्तर पर कमिटी बनाने पर भी विचार विमर्श किया गया। सभा को संचालित जिला महासचिव अभिषेक पटेल ने किया। मौके पर पुर्व प्रमुख रघुनाथ सिंह, अंचल सचिव कामरेड कलामुदिन,हैदर अली, राजद प्रखंड अध्यक्ष गंगा प्रसाद कुशवाहा,पंचायत समिति सदस्य राजेश सिंह,दावथ प्रखंड प्रमुख मुन्ना सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष जदयू मान्ती मौर्य मौजूद थे।

# इंदु तपेश्वर सिंह महिला महाविद्यालय में मनाया गया हिंदी दिवस

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी,बिक्रमगंज रोहतास**

वृहस्पतिवार को शहर के इन्दु तपेश्वर सिंह महिला महाविद्यालय बिक्रमगंज के प्रांगण में हिन्दी दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ इन्दल सिंह सहायक प्राध्यापक ने की। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं तथा शिक्षकों ने अपने-अपने विचार रखे। उक्त कार्यक्रम के दौरान डॉ उदय प्रताप सिंह सहायक प्राध्यापक ने हिन्दी भाषा के ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करने पर बल दिए। वहीं डॉ रविन्द्र कुमार सहायक प्राध्यापक ने विवेकानंद के शिकागो के धर्म संसद में हिन्दी भाषा में दिए हुए भाषण तथा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का संयुक्त राष्ट्र संघ में हिन्दी भाषा में दिए गए भाषण की याद दिलाई। तत्पश्चात प्रो डॉ मनोज कुमार सिंह, शांति प्रकाश सिंह, पुष्पा राणा रसिक , डॉ अरविन्द पाण्डेय सहित अन्य सहायक प्राध्यापकों ने भी हिंदी दिवस पर अपना-अपना विचार रखा।

# टीआरडी स्टोर से लोहा चुराकर भाग रहे एक शातिर चोर को आरपीएफ ने पकड़ा

**दैनिक समाज जागरण कमलेश कुमार मिश्र डेहरी आन सोन रोहतास**

रोहतास जिले के डेहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरुवार को उप निरीक्षक कुमार गौरव के साथ सहायक उप निरीक्षक स्वर्णेंद कुमार पांडे, आरक्षी संतोष कुमार सभी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डेहरी ऑन सोन तथा आरक्षी नवीन कुमार पांडे रेलवे सुरक्षा बल अपराध आसूचना शाखा गया डेहरी ऑन सोन स्टेशन एरिया में गस्त करते हुए टीआरडी आफिस के पास पहुंचे तो चोर चोर की आवाज सुनाई दिया। जब सभी लोग स्टोर के अंदर गए तो एक व्यक्ति को स्टोर के अंदर एक सफेद बोरी में बीस अदद रेलवे का ओएसइ पाट्र्स लेकर भागते हुए




देखा गया। उक्त चोर को गिरफ्तार करते हुए रेलवे सुरक्षा पोस्ट डेहरी ऑन सोन लाया गया एवं उपयुक्त धारा में कांड पंजीकृत करते हुए अग्रिम कार्रवाई हेतु माननीय रेलवे न्यायालय के समक्ष भेजा गया। गिरफ्तार चोर कि पहचान महावीर स्थान बंजारी रोहतास निवासी दिनेश चौधरी का 26 वर्षीय पुत्र ओमप्रकाश कुमार बताया जाता है।

# गृहमंत्री अमित साह के झंझारपुर आगमन की तैयारियों को ले भाजपा की बैठक

**जयनगर नित्यानंद झा राजू 14 सितम्बर**

जयनगर कमला रोड स्थित राम जानकी मंदिर भाजपा कार्यकताओं की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जयनगर नगर अध्यक्ष सूरज गुप्ता ने की। बैठक में दिनांक 16 सितंबर 2023 को ललित कपूरी स्टेडियम झंझारपुर में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के आगमन के तैयारियों को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित पूर्व भाजपा सांसद वीरेंद्र चौधरी ने कार्यकताओं से अधिक से अधिक संख्या में गृहमंत्री की रैली में शामिल होने का आह्वान किया। भाजपा कार्यकताओं ने पूर्व सांसद को मिथिला की पारंपरिक पाग दोप्पटा से सम्मान किया। पूर्व सासंद श्री चौधरी ने कहा कि 16 सितंबर, 2023 को मिथिला की पावन भूमि झंझारपुर में माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी की विराट जनसभा आयोजित है। इस के तैयारियों के निमित्ते प्रबंधन को लेकर आयोजित बैठकों में भाग ले रहे हैं। उसी कड़ी में जयनगर मंडल में कार्यक्रम के सफलता को लेकर आयोजित बैठक में भाग लिया है। साथ ही पार्टी के अन्य नेताओं के साथ जनसभा में जाने वाले टोली के सदस्यों के संग विचार विमर्श किया गया। आज के बैठक में ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नरेंद्र उर्फ उद्धव कूंवर, गोपाल सिंह, राजेश गुप्ता, सुधीर खर्गा,सुरज महासेठ, अरविंद तिवारी, गंगा प्रसाद, धर्मेन्द्र उर्फ बौआ झा, शंभु महतो, सरोज यादव, पंकज चौधरी, उपेंद्र राम, रमेशचंद्र झा, सूर्यनारायण मंडल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## उप विकास आयुक्त ने जिले के तीन प्रखंडों में विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**समाज जागरण सुमित कुमार**

बांका( बिहार ) बांका उप विकास आयुक्त ने जिले के तीन प्रखंड में विकास कार्यों का क्या निरीक्षण, बांका के उप विकास आयुक्त शैलेंद्र कुमार ने बांका जिले के आज तीन प्रखंड में चल रहे विकास कार्य का उन्होंने निरीक्षण संभोग गंज किया जिसमें प्रमुख रूप से बेलहर फूली डूमर एवं शंभूगंज प्रखंड में जिला परिषद द्वारा कार्य की जा रही



विभिन्न योजनाओं तथा चेक डैम एवं सड़क निर्माण, सामुदायिक शौचालय निर्माण जांच की गई वहीं फुली डूमर प्रखंड के हत्या पत्थर गांव में जिला परिषद द्वारा निर्माण किया जा रहे, सामुदायिक शौचालय की निर्माण कार्य पर संतोष जनक किया गया उप विकास आयुक्त के द्वारा फूली डूमर प्रखंड के नव विद्यालय का हत्या पत्थर का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें विद्यालय के प्रभारी को मध्य भजन योजनाओं का गुणवत्ता का सुधार लाने का दिशा निर्देश दिया, वहीं उप विकास आयुक्त द्वारा सभी पदाधिकारी को एवं कर्मी को अपने दायित्व के प्रति शक्ति से पालन करने का निर्देश दिया !

## अवैध रूप से चल रहे बालू व्यवसाय का गोरखधंधा होता है अंधेरी 16 ट्रैक्टर ओवरलोड जप्त किया

**समाज जागरण कार्यालय संवाददाता दिलीप कुमार साह**

भागलपुर (बिहार) में बालू माफियाओं पर नकेल कसने के लिए पुलिस प्रशासन कई हाथकंडे अपना रही हैं लेकिन बालूमाफिया अवैध रूप से बालू खनन करने से बाज नहीं आ रहे, जैसे-जैसे रात गहरी होती चली जाती है बालू माफियाओं का गोरखधंधा शुरू होता है और सुबह होने से पहले करोड़ों रुपए का व्यवसाय हो चुका रहता है, इसको लेकर पुलिस प्रशासन कई बार कार्रवाई भी की है और लगातार प्रशासन इस पर मुस्तैद भी रहती है, इसी बाबत आज भागलपुर के काजरैली थाना क्षेत्र में लॉ एंड आर्डर डीएसपी डॉक्टर गौरव कुमार ने देर रात एक टीम गठित कर अवैध रूप से बालू खरीद बिक्री करने वाले माफियाओं पर नकेल कसने के लिए अभियान चलाया जिसमें 16 ट्रैक्टर को जप्त किया गया जिसमें ओवरलोड बालू लदे हुए थे जो गाड़ियां जप्त की गई है उनके मालिक पर एफआईआर दर्ज किया गया है। वही डॉक्टर गौरव कुमार ने बताया कि अवैध रूप से पकड़े ट्रैक्टर के मालिक पर एफआईआर दर्ज करते हुए बालू माफियाओं को इस तरह के अवैध रूप से बालू खनन रोकने की भी चेतावनी दी है साथ ही उन्होंने कहा है अगर अवैध रूप से बालू का व्यवसाय करने वाले लोग पकड़े जाते हैं तो उन्हें विधि संवत कार्रवाई करते हुए कठोर से कठोर सजा दी जाएगी।

## हिंदी दिवस : बैनर-पोस्टर के साथ सभा मे शामिल हुए छात्र-छात्रायें एवं शिक्षक

**राकेश, दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

गलगलिया(किशनगंज) । मध्य विद्यालय गलगलिया में हिंदी भाषा को बल देने एवं प्रसार के उद्देश्य से गुरुवार को हिंदी दिवस मनाया गया । इस दौरान छात्र - छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा विभिन्न तरह के बैनर एवं पोस्टर के साथे एक सभा का आयोजन किया गया । सभो में विभिन्न तरह के नारे छात्र छात्राओं द्वारा लगाया गया ।



इस दौरान विद्यालय में निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता द्वारा हिंदी भाषा के महत्व एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया ।

प्रधानाध्यापक श्री अर्जुन पासवान ने बच्चों एवं शिक्षकों को हिंदी दिवस कि शुभकामनायें देते हुए हिंदी भाषा के इस्तेमाल करने पर बल दिया । उन्होंने कहा कि हमें ए टी एम, बैंक एवं विभिन्न कार्यालयों में हिंदी भाषा का ही उपयोग करना चाहिए ताकि हिंदी भाषा का गौरव बढ़े ।

बताते चले कि हिंदी को राजभाषा का दर्जा 14 सितंबर, 1949 के दिन मिला था । तब से हर साल 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है । हिंदी दुनिया में चौथी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है।

## 29 लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार, बाइक जप्त

**दैनिक समाज जागरण विकाश शुक्ला,चेनारी रोहतास**

रोहतास जिले के चेनारी थाने की पुलिस ने चेनारी दक्षिण मोहल्ले में गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार की देर शाम को छापामारी कर 29 लीटर महुआ निर्मित देसी शराब बरामद किया है। शराब के साथ तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि उक्त मोहल्ले में एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। पुलिस ने 29 लीटर शराब के साथ दक्षिण मोहल्ला निवासी स्वर्गीय हरिशंकर राम के पुत्र मनीष कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## शक का कोई इलाज नहीं, पति ने पत्नी पर शक कर गला दबाकर किया मौत के हवाले

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 14 सितंबर 2023:झसरायकेला जिले के आरआईटी थाना क्षेत्र अंतर्गत मीरूडीह में पति -पत्नी के रिश्ते को कलंकित करने वाली एक घटना सामने आई है, जहां महज शक के आधार पर पति ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी.

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरआईटी थाना क्षेत्र अंतर्गत मीरूडीह बस्ती काली मंदिर के पास एक किराए के मकान में चंद्र मोहन देवगम की पत्नी किरण देवगम अपने एक तीन वर्षीय बेटे के साथ रहती थी. पति चंद्र मोहन देवगन गुजरात में नौकरी करता है, वह कुछ दिन पूर्व ही छुट्टी मिलने पर घर आया हुआ था, इस बीच बीती रात दोनों पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ. इसके बाद आक्रोशित पति ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी. घटना



की जानकारी गुरुवार को आरआईटी पुलिस को हुई, जिसके बाद घटना की सूचना मिलते ही मौके पर आरआईटी थाना प्रभारी सागर लाल महथा अपने पुलिस टीम के साथ पहुंचे और आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया. इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया गया कि पत्नी की गला दबाकर हत्या किए जाने का जुर्म पति द्वारा कबूल किया गया है. इसके बाद पति को गिरफ्तार कर लिया गया है. वही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है.

वही बताया जाता है कि मृत किरण देवगम का एक 5 वर्षीय पुत्र अपने नाना के साथ चाईबासा में रहता है. घटना के बाद मृत महिला किरण देवगम के परिजनों में शोक की लहर है. बताया जाता है कि आरोपी पति को शक था की पत्नी का किसी अन्य के साथ अनैतिक संबंध है.

## विश्वकर्मा पूजा और गणेश पूजा धूमधाम से मनाया जाएगा, एसे में सक्रिय रहेंगे , पप्पू यादव

**समाज जागरण**

बिहार,भागलपुर में विश्वकर्मा पूजा और गणेश पूजा धूमधाम से मनाया जाऐगा। पूजा समिति अध्यक्ष श्री पप्पू यादव ने कहा कि विश्वकर्मा पूजा आज के समय घर-घर में मनाया जाता है।चूंकि सभी लोगो के पास विश्वकर्मा जी विराजमान है । किसी के पास गाडी है तो कोई साईकिल व अन्य लोहा उपकरण।वही गणेश पूजा मुंबई में धूमधाम से मनाया जाता है, अब भागलपुर नाथनगर में भी गणेश पूजा बड़े ही बड़े ही हर्षोल्लाह और उमंग के साथ का संदेश स्थापित करेंगे । वैसे सभी पूजा समिति के लोग सक्रिय रहते हैं ,और देख रेख में जहां भी मूर्ति बैठाया जायेगा , वहां के समिति के सदस्य को किसी प्रकार का कोई दिक्कत हो पूजा समिति को जानकारी दें।इसके लिऐ जिला प्रशासन को पूजा समिति के अध्यक्ष जानकारी मुहैया कराएंगे । पूजा समिति के लोग सभी त्योहारों पर सक्रिय रहेंगे। शांति सद्भाव भाईचारा





से गणेश पूजा विश्वकर्मा ,व अन्य तयोहार मनाएंगे। मौके पर पूजा समिति अध्यक्ष श्री पप्पू यादव ,संरक्षक भावेश यादव ,महामंत्री देवाशीष बनर्जी, अशोक राय, प्रवीण यादव ,अभिनंदन यादव निजात अंसारी जियाउर रहमान, जाबिर अंसारी ,सफीउल्लाह, मोहम्मद बबलू ,दिलीप मालाकार, लकी राज, जॉनी, अशोक शाह, पप्पू मंडल ,असलम नियाजी ,लाल , रविंद्र यादव ,आशीष कुमार शिव, शंकर सिंह ,मोहम्मद कलीम, अयाज ,मनोज पासवान सभी का लोग शांति सद्भाव भाईचारा से संपन्न कराने में अहम रोल रहता है । उधर प्रशासन का भी भरपूर सहयोग मिलता है। हमारे जिला अधिकारी महोदय सुब्रत कुमार सेन, एसपी साहेब हो एसडीओ धनंजय कुमार डीएसपी साहब व थाना अध्यक्ष सभी का भरपूर सहयोग पूजा समिति को मिलती है'

## गैस गोदाम में चोरी की घटना का सफल उद्भेदन, चार गिरफ्तार, 53 सिलेंडर बरामद

**पियुष रंजन सिंह समाज जागरण विशेष संवाददाता पूर्णियां प्रमंडल**

बीते अगस्त माह,दिनांक-25/26.08.23 की रात्रि में गंगैली स्थित खीरहार इंडियन ग्रामीण वितरक एजेंसी से कटर मशीन से गैस गोदाम का ताला एवं सीसीटीवी कैमरा का कनेक्शन काटकर अज्ञात चोरों के द्वारा गैस गोदाम से कुल 259 गैस सिलेंडर चोरी होने की प्राथमिकी पूर्णिया जिले के मरंगा थाना में दर्ज कराई गई थी।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक,पूर्णियां आमिर जावेद के द्वारा कांड के सफल उद्वेदन एवं सामानों की बरामदगी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,सदर पुष्कर कुमार के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया जिसमें,थानाध्यक्ष मरंगा मिथिलेश कुमार,पंकज आनंद प्रभारी तकनीकी शाखा,अभय रंजन एवं तकनीकी शाखा के सिपाही इंद्रजीत कुमार व सुनील कुमार कुशवाहा को शामिल किया गया।

गठित पुलिस टीम के द्वारा मानवीय साक्ष्य संकलन एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर कांड का सफल उद्वेदन करते हुए घटना में शामिल चार अभियुक्तों को मुजफ्फरपुर से गिरफ्तार कर लिया गया तथा घटना में प्रयुक्त महिंद्रा पिकअप वाहन,चोरी की गई 53 सिलेंडर,लोहे का एक कटर मशीन एवं चार मोबाइल बरामद किया गया



है। गुरुवार को प्रेस वार्ता के माध्यम से जानकारी देते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर पुष्कर कुमार ने बताया कि मरंगा थाना में दर्ज प्राथमिकी के आलोक में पूर्णिया पुलिस अधीक्षक आमिर जावेद द्वारा गठित की गई विशेष टीम तकनीकी अनुसंधान एवं मानवीय साक्ष्य के आधार पर इस घटना की तह तक गई और मुजफ्फरपुर से घटना में शामिल 10 में से 4 अपराधकर्मी को चोरी गए सिलेंडर के साथ गिरफ्तार करने में सफल हुई। गिरफ्तार चारों अपराध कमी विजय साहनी,राहुल कुमार (नंबर वन),शत्रुघ्न साह एवं राहुल कुमार(नंबर दो) सभी मुजफ्फरपुर के ही निवासी हैं।इन लोगों के पास से एक महिंद्रा कंपनी की पिकअप वाहन,चोरी गए 53 सिलेंडर एवं चार मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। घटना में शामिल अन्य पांच अपराधी ताजपुर बेनीपुर ओपी थाना कांड संख्या 458/23 में गिरफ्तार होकर वर्तमान में मुजफ्फरपुर जेल में बंद हैं जबकि,एक अन्य आरोपी मनोज कुमार पिता राम ललित सिंह अभी फरार चल रहा है। गैस एजेंसी संचालक द्वारा दर्ज कराए गए प्राथमिक में 200 सिलेंडर के होने की बात पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर पुष्कर कुमार ने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है,53 सिलेंडर ही चोरी हुए थे,जिसे बरामद कर लिया गया है।पुर्णियां पुलिस मामले में स्पीडी ट्रायल के तहत आरोपियों को जल्द से जल्द सजा दिलाने का काम करेगी।

## जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया जिला युवा उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार ब्यूरो रोहतास**

कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार के निर्देश के आलोक में गुरुवार को मल्टीपर्पस हॉल सासाराम में जिला युवा उत्सव-2023 कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार के द्वारा किया गया। जिला युवा उत्सव कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य युवाओं में अन्तर्निहित कलात्मक क्षमता को उजागर करते हुए उन्हें वृहद मंच उपलब्ध कराना तथा उनकी इस क्षमता को प्रोत्साहित करना है। जिलास्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम मे समूह लोक नृत्य, लोक संगीत लघु नाटक, शास्त्रीय वाद्य वादन, हारमोनियम वादन, शास्त्रीय नृत्य, वक्तृता, चित्रकला, मूर्ति कला, हस्तशिल्प एवं छायाचित्र विद्याओं में प्रतियोगिता का आयोजन होगा तथा उक्त वर्णित विद्याओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कलाकारों को पुरस्कृत/सम्मानित किया जायेगा। जिलास्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम से चयनित प्रथम स्थान प्राप्त कलाकार/दल संस्कृत एवं युवा विभाग द्वारा



आयोजित राज्यस्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में भाग लेंगे, जो सारण जिला मे होना है। उक्त कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त शेखर आनंद, अपर समाहर्ता चंद्रशेखर प्रसाद सिंह एवं अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## आनन्द मार्ग ने मनाया प्रभात संगीत दिवस

**दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक ,ब्यूरो चीफ सराइकेला (झारखंड )14 अगस्त 2023**

आज 14 सितंबर प्रभात संगीत दिवस के शुभ अवसर पर आनन्द मार्ग स्कूल कांड्रा एवं पूरे विश्व के आनंदमार्गीयों ने प्रभात संगीत पर आधारित नृत्य एवं गायन प्रस्तुत करके प्रभात संगीत दिवस मनाया । कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभात संगीत के उदगाता प्रभात रंजन सरकार के प्रतिकृति पर माल्यार्पण के साथ हुआ ।इस मौके परआनन्द मार्ग प्रचारक संघ सराईकेला खरसवाँ के भुक्ति प्रधान गोपाल बर्मन राम देव ने कहा कि लगभग 7000 वर्ष पूर्व भगवान सदाशिव ने सरगम का आविष्कार कर मानव मन के सूक्ष्म अभिव्यक्तियों को प्रकट करने का सहज रास्ता खोल दिया था। इसी कड़ी में 14 सितंबर 1982 को झारखंड राज्य के देवघर में आनंद मार्ग के प्रवर्तक भगवान श्री श्री आनंदमूर्ति जी ने प्रथम प्रभात संगीत" बंधु हे निये चलो" बांग्ला भाषा में देकर मानव मन को भक्ति उनमुख कर दिया।

8 वर्ष 1 महीना 7 दिन के छोटे से अवधि में उन्होंने 5018 प्रभात संगीत का अवदान मानव समाज को दिया। आशा के इस गीत को गाकर कितनी जिंदगियां संवर गई। प्रभात संगीत के भाव ,भाषा, छंद, सूर एवं लय अद्वितीय और अतुलनीय है। संस्कृत बांग्ला, उर्दू , हिंदी, अंगिका ,मैथिली, मगही एवं अंग्रेजी भाषा में प्रस्तुत प्रभात संगीत मानव मन में ईश्वर प्रेम के प्रकाश फैलाने का काम करता है। संगीत साधना में तल्लीन साधक को एक बार प्रभात संगीत रूपी अमृत का स्पर्श पाकर अपनी साधना को सफल करना चाहिए। आजकल प्रभात संगीत एक नये




घराने के रूप में लोकप्रिय हो रहा है। प्रभात संगीत की तो एक अलग ही दुनिया है। मन हर्षित हो या व्यथित हो , शंकाओं से घिरा हो या फिर द्रवित हो। प्रभात संगीत आपके अंतर्मन के तार को झंकृत कर नये उत्साहजनक वातावरण निर्मित कर देता है ।

उमड़ती- घुमड़ती सारी भावनाओं को पंख देने का कार्य ये संगीत करता है । ये नीचे गिरता हुआ मन सांसारिक समीकरणों के बने हुए काले और भारी बादलों को चीर कर ऊपर ही उठता जाए , ऊपर, और ऊपर उड़ता जाए , एक स्वछंद आकाश में आनंदित हो तैरता रहे , वो आकाश जहां भक्त है और उसका भगवान है , उस भक्त की वेदनाएं हैं और उस भगवान का आश्वासन है।आनंद और उत्साह के इस सागर का नाम है प्रभात संगीत। मानवीय अस्तित्व के संगीत के प्रभात का उदय 14 सितम्बर 1982 को भी शिवनगरी देवघर झारखंड में हुआ था।

साधक के जीवन को प्रखर बनाने वाला ये संगीत अद्वितीय,अनुपम और अद्भुत है। आनन्द मार्ग स्कूल के प्रभात संगीत प्रतियोगिता में अब्बल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। स्कूल के सचिव बसन्त राम देव ने भी प्रभात संगीत पर विचार व्यक्त किये । स्कूल के प्रधानाध्यापक सोरेन टुडू के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## बरारी थाना अध्यक्ष आशुतोष कुमार की दबंगई, दुकानदार को बुरी तरह पीटते और अभद्र गाली गलौज करते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद

**समाज जागरण**
**जिला संवादाता विवेक कुमार**

भागलपुर (बिहार) जिले मे पुलिस की बर्बरता और गुंडागर्दी कोई नई बात नहीं, ताजा मामला बरारी थाना क्षेत्र के सुर्खी कल का है , जहां एक दुकान में बरारी के थानेदार ने घुसकर चाय दुकानदार को जमकर गाली गलौज करते हुए बेरहमी से पिटाई कर दी इतना ही नहीं वहां बैठे ग्राहक को भी नहीं छोड़ा, इसको लेकर दुकानदार सागर कुमार उर्फ राज आर्यन का कहना है कि मेरे दुकान में बरारी थाना के अध्यक्ष आशुतोष कुमार एवं अन्य तीन पुलिसकर्मी सादे लिवास में आए और मेरे दुकान पर बैठे ग्राहक और मेरे साथ मारपीट शुरू कर दिया जब पूछा जाता है कि आखिर क्यों मार रहे हैं तो जवाब में थानेदार ने बद्दी बद्दी गालियां देनी शुरू कर दी थानेदार की यह सारी करतूत दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गया जहां आशुतोष कुमार का कहना है कि मेरा चाय और आइसक्रीम का दुकान है जो की तिलकामांझी सुर्खीकल रोड के पास है, इसी बाबत दुकानदार सागर कुमार उर्फ राज आर्यन अपने




पूरा परिवार पुलिस की गुंडागर्दी करते हुए दुकानदार और ग्राहकों के साथ मारपीट करने व भद्दी भद्दी गलियां देने की जानकारी देने के लिए और अपनी जान माल की गुहार लगाने के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार के कार्यालय पहुंचे वही दुकानदार ने कहा बरारी थाना अध्यक्ष मेरे ऊपर तानाशाही दिखाते हुए गलत चीजों को बेचने का आरोप लगाकर मारपीट किया है और चेतावनी दी है कि तुम्हारा दुकान जल्द बंद कर कर रहूंगा । वही दुकानदार व उनका पूरा परिवार इस तरह के पुलिस या गुंडागर्दी से डरे और सहमे हुए हैं । दुकानदार ने इसकी सूचना आवेदन में लिख कर एसएसपी कार्यालय में एसएसपी आनंद कुमार को बरारी थाना अध्यक्ष के खिलाफ आवेदन दिया है , वही पीड़ित दुकानदार और उनके परिवार वालों ने बताया कि सागर कुमार ने बताया कि हम लोग इस तरह के पुलिस या गुंडागर्दी से काफी परेशान होकर एसएसपी के पास पहुंचे और उन्होंने आश्वासन दिलाया है कि सीसीटीवी फुटेज की जांच की जाएगी और इस केस को गंभीरता से लेते हुए दोषियों पर कार्रवाई होगी।

## भागलपुर मे चेन झपटमारों का आतंक जारी चैन से सो रही पुलिस, महिलाएं बेचैन

**समाज जागरण**
**जिला ब्यूरो प्रभात कुमार मिश्रा**

भागलपुर (बिहार)अगर आप सोने की चेन पहनकर घर से बाहर निकलने की भूल कर रहे हैं तो हो जाइए सतर्क . आपके खून-पसीने की कमाई से बनवाई हुई इस चेन पर झपटमारों की नजर पड़ सकती है और पलक झपकते ही लाख रूपए मूल्य के सोने का चेन लेकर बदमाश फरार हो सकते हैं. आप पुलिस के भरोसे भी नहीं रहें क्योंकि जो वर्तमान हाल दिख रहे हैं इससे ये साफ है कि पुलिस भी भगवान भरोसे ही लोगों को छोड़ चुकी है. क्योंकि ये झपटमार अब इतने बेखौफ हो चुके हैं कि पुलिस थाने के सामने से चेन झपट्टा तो मार ही रहे हैं, ये डीआईजी कोठी के सामने भी महिला को शिकार बनाने से नहीं चूके हैं. पुलिस ऐसे मामलों में हाथ पर हाथ ही धरकर बैठी रहती है. बेहतर है कि आप खुद सतर्क रहिए और चेन पहनकर बाहर निकलने से परहेज किजिए. क्योंकि अभी तक के मामलों में तो यही देखा जा रहा है की पुलिस की ओर से की जाने वाली विधिसम्मत कार्रवाई से आपकी चेन




वापस नहीं मिल रही है. चेन झपटमारी का ताजा मामला बरारी थाना क्षेत्र के चाणक्य विहार कॉलोनी का हैं जहां एसएम कॉलेज की प्रोफेसर लक्ष्मी सिंह ने बरारी थाना में आवेदन दिया है. उन्होंने आरोप लगाया है कि शुक्रवार यानी 8 सितंबर को वह शाम करीब चार बजे वह अपने कार्यस्थल से ई-रिक्शा लेकर अपने घर चाणक्य विहार कॉलोनी जा रही थी. कॉलोनी के मोड़ पर चंपारण मीट हाउस के पास रिक्शा से उतरकर पैदल ही अपने घर की ओर जाने लगी. तभी उनके मकान से ठीक पहले सामने से आ रही बाइक पर सवार दो युवकों में से एक ने उनके गले से सोने का चेन जो लगभग डेढ़ भर का था खींच लिया और तेजी से मुख्य सड़क की ओर फरार हो गये.उन्होंने तुरंत थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराया आज रिपोर्ट दर्ज किए हुए 5 दिन हों गए हैं लेकिन अपराधी अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं लक्ष्मी मैडम नें पुलिस से गुहार लगाई हैं की अपराधी को पकड़ा जाए जिससे महिलाएं अपने आप को सुरक्षित रख सके

## महिला की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने ब्लॉक चौक पर शव रखकर सड़क को किया जाम

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

सरदार थाना स्थित ब्लॉक चौक के पास जेकेएम नर्सिंग होम में मरीज की हुई मौत। आक्रोशित परिजनों ने नर्सिंग होम में जमकर तोड़फोड़ किया एवं शव को मुख्य सड़क पर रख कर नर्सिंग होम होम के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया। मृतक फूलों देवी पति भारो साकिन कालपीर पंचायत टेढ़ागाछ के रूप में पहचान की गई है। वहीं ग्रामीणों में इस घटना को लेकर काफी आक्रोश देखा गया। ग्रामीणों ने बताया कि किशनगंज शहर व आसपास के इलाकों में दर्जनों अवैध नर्सिंग चलाया जा रहा है।जिस कारण आये दिन मरीजों की जान जा रही है।लेकिन प्रशासन के द्वारा कोई कठोर कार्रवाई नहीं किया जा रहा है। जिला प्रशासन के द्वारा जब भी कार्रवाई की बात आती तो सिर्फ कागजों पर सिमट कर रह जाता है। वहीं परिजनों ने बताया कि जेकेएम नर्सिंग होम के संचालक ने बताया बच्चेदानी में इंफेक्शन है इसका ऑपरेशन करना होगा उसके बाद ठीक हो जाएगी। ऑपरेशन के दौरान तबीयत बिगड़ते देखकर जेकेएम नर्सिंग होम के संचालक के द्वारा पूर्णिया रेफर कर दो लाख रुपए मांग किया। और



बताया मरीज कोमा में है। लेकिन मरीज की मौत हो चुकी थी। वहीं घटना के बाद मौके पर एसडीपीओ गौतम कुमार व सीओ समीर कुमार पहुंच कर परिजनों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया गया और कहां जेकेएम नर्सिंग होम के संचालक पर कार्रवाई की जाएगी।

## जिलाधिकारी ने डेंगू के बढ़ते प्रकोप को कम करने के लिए अधिकारियों के साथ की बैठक

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार रोहतास ब्यूरो**

जिला समाहर्ता स्थित डीआरडीए सभागार में गुरूवार को डेंगू से संबंधित जिला स्तरीय बैठक जिला पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें डेंगू के बढ़ते प्रकोप को कम करने के लिए निम्न उपाय बताये गये। डेंगू एक वायरल फिवर है। यह बीमारी संक्रमित मादा एडिस मच्छर के काटने से होती है। यह मच्छर दिन में काटता है एवं स्थिर साफ पानी में फैलता है। जिसमें तेज बुखार, बदन दर्द, सर एवं जोड़ों में दर्द, आँखों में पिछले हिस्से में दर्द, त्वचा पर लाल धब्बे/चकते का निशान, नाक एवं मसूढ़ों से रक्त का स्राव जैसे लक्षण पाये जाते हैं। इससे बचाव के लिए दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। मच्छर मारने वाली दवा/क्रीम का प्रयोग दिन में भी करें। पूरे शरीर को ढ़कने वाले कपड़े का इस्तेमाल करें। घर के सभी कमरों का साफ सुथरा एवं हवादार बनाये रखें। डेंगू के फिवर के रोकथाम के लिए सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को भूमिका दी गई की वे पंचायती राज संस्था के सभी जन प्रतिनिधि की बैठक बुलाकर उन्हें सेंसेटाइज (संवेदीकृत किया जाय) करें। इसके साथ ही सभी विकास मित्रों, चौकीदारों को भी निर्देश दिया जाय कि वे घर-घर जाकर यह जानकारी बतायें कि अपने घर के आसपास जल जमाव नहीं होने दें। गमले, कूलर, पुराने टायर आदि में



पानी जमा नहीं होने दें। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी, सभी चिकित्सा पदाधिकारी रोहतास, सभी प्रखण्ड स्वास्थ प्रबंधक, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।

## उत्क्रमित+2 उच्च विद्यालय दिघी -भूला में चार नए कमरे और शौचालय बनाने को लेकर सांसद को ज्ञापन

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा :बोड़ाम प्रखंड के उत्क्रमित+2 उच्च विद्यालय दिघी-भुला में चार नए कमरे और शौचालय सांसद निधि से बनाने को लेकर बृहस्पतिवार को बीजेपी बोड़ाम मण्डल अध्यक्ष शांतुनु मुखर्जी, मुचीराम बाउरी,बिरेन महतो और सुकदेव सिंह ने जमशेदपुर लोकसभा के सांसद श्री विधुत वरण महतो से मिलकर उत्क्रमित+2 उच्च विद्यालय दिघी -भुला के विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा दिया गया ज्ञापन सांसद को सौंपा। शांतुनु मुखर्जी ने सांसद को जानकारी दिया है विद्यालय को पांच वर्ष पहले उत्क्रमित+2 उच्च विद्यालय का दर्जा दिया गया है लेकिन अभी तक 5 वर्ष हो जाने के बाद भी +2 के लिए विद्यालय का निर्माण नहीं किया गया है विद्यालय में कमरे की कमी के कारण पढ़ाई करने के समय एक बेंच में 5,6 विद्यार्थियों को बैठाना पड़ रहा है जिसके चलते विद्यार्थियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । उन्होंने ने सांसद को बताया कि अभी विद्यालय में कुल 696 विद्यार्थी अध्यनरत है, विद्यालय में विद्यार्थी के अनुसार कमरा नहीं है। सांसद ने आश्वासन दिया कि जल्द ही विद्यालय में चार नए कमरे और शौचालय निर्माण होगा ताकी विद्यार्थियों को जो परेशानी हो रही है उसे दूर किया जा सके।

# उधम दिवस बिजनेस क्लब कान्क्लेब का हुवा आयोजन

*अर्थव्यवस्था को थिरी ट्रिलीयन तक ले जाने की दिशा में एक सूक्ष्म प्रयास- खण्ड विकास अधिकारी अजय तिवारी*

*खण्ड विकासधिकारी ने धाता परिसर मे बेरोजगार युवाओं को किया संबोधित-*

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को थिरी ट्रिलियन तक ले जाने की दिशा मे एक सूक्ष्म प्रयास को लेकर आज दिनांक 14 सितंबर को धाता विकासखंडधिकारी अजय कुमार तिवारी द्वारा ब्लॉक परिसर में क्षेत्र के सैकड़ो बेरोजगार नौजवानों के साथ बैठक कर इस मोहिम का आगाज करते हुए नए-नए रोजगार को लेकर अनेक जानकारियां साजा की तथा बिजनेस क्लब कान्क्लेब की राह पर भिन्न भिन्न प्रकार की उपलब्धियां गिनाई।

धाता ब्लॉक परिसर में इखट्टा हुए तमाम नौजवानों को संबोधित करते हुए खण्ड विकासधिकारी अजय कुमार तिवारी ने कहा की नौजवान ही देश की एक ऐसी कड़ी है जो देश की अर्थव्यवस्था में अपना अहम





योगदान दे सकते है। रोजगार छोटा व बड़ा नहीं होता है बस उसके लिए आप हिम्मत से डटे रहे फिर देखो वो दिन दूर नहीं जब आपके पीछे लोगों की लाईन होंगी। इसी कड़ी में खण्ड विकासधिकारी ने देश के कई जानिमानी उद्योगपति हस्तियों की जिंदगी से जुडी मुख्य धाराओं पर प्रकाश डालते हुए बताया की इनका भी दौर इसी तरह गुजरा है बशर्ते यह हिम्मत नहीं छोड़े अपने रोजगार को आगे बढ़ाते रहे। और आज दुनियां इनको सलाम करती है। चाहे धीनू भाई अंबानी के दो पुत्र जिसमे अनिल अंबानी व मुकेश अंबानी तथा टाटा विरला से लगाकर अनेक उद्योगपतियों की यही कहानी है। इसी तरह आप सभी अपने रोजगार पर फोक्स करें एक दिन आप सभी बड़े मुकाम तक जरूर पहुंचेगे।

इस अवसर पर धाता विकास खण्डधिकारी अजय कुमार तिवारी, अंकित कुमार पंचायत सहायक,रमेश चन्द्र दुबे (कोटेदार) बउवा ठाकुर,व पत्रकार राममणि पाण्डेय, मोः कलीम, जमाल अय्यूब कोटी, कुमुद तिवारी,अभिषेक दुवेर्दी, साथ ही शैलेंद्र सिंह, मुकेश पटेल, गुरु प्रसाद, मोहम्मद वकार यूनुस, शिवकुमार सिंह, रमेश कुमार, नाथन सिंह, चंद्रभान सिंह, प्रमोद कुमार, रामसूरत सिंह, एवं अजय तिवारी,व क्षेत्रीय गणमान्य उपस्थित रहे।

# गुलाबी गैंग की जिलाध्यक्ष के अगुवई में जागरूकता अभियान की हुई बैठक

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। नगर पंचायत बहुआ कार्यालय परिसर में बैठक का हुआ सकुशल आयोजन,गुलाबी गैंग लोकतान्त्रिक अध्यक्ष व सुजानपुर बहुआ देहात ग्राम प्रधान हेमलता पटेल के साथ बड़ी संख्या में महिलाओ नें कार्यक्रम में की सिरकत गुरुवार को ब्लॉक बहुआ अंतर्गत बहुआ नगर पंचायत परिषर में एसपी उदयशंकर सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया जहाँ मुख्य रूप से महिला सुरक्षा मिशन शक्ति सहित क्षेत्र की कानून व्यवस्था आदि विभिन्न पहलुओं पर एसपी नें वास्तविक स्थिति का जायजा लिया व सुरक्षा सम्बंधित विभिन्न प्रसाशनिक सुविधाओं के बारे में



जागरूक किया` इस दौरान गुलाबी गैंग लोकतान्त्रिक की अध्यक्ष महिला नेत्री बहुआ देहात सुजानपुर की ग्राम प्रधान व बहुआ ब्लॉक प्रधान संघ की अध्यक्ष हेमलता पटेल नें दर्जनों महिलाओं के साथ पहुँच कर उपस्थिति दर्ज की व क्षेत्र में पधारे पुलिस अधीक्षक को पुष्प भेंट कर अभिवादन किया जहां पुलिस अधीक्षक नें अध्यक्ष हेमलता पटेल सहित उपस्थित सभी महिलाओं को कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने तत्काल न्याय दिलाने का भी भरोसा दिया व मिशन शक्ति के बारे में जागरूक किया` इस दौरान बहुआ नगर पंचायत अध्यक्ष सहित सभासद,पुलिस प्रशासन व बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# बिजली चोरों पर लगाम लगाने में निष्क्रिय हैं विद्युत विभाग के तंत्र

**दैनिक समाज जागरण सुनील श्रीवास्तव**

इटवा, सिद्धार्थनगर। विद्युत विभाग की उदासीनता देखनी हो तो इटवा तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा धन्धरा के डिहवा टोला पर नजर डालिए हकीकत खुद-ब-खुद सामने आ ही जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सभा धन्धरा का डिहवा एक टोला है। जहां पर बहुचर्चित एवं शातिर किस्म के लोग कटिया कनेक्शन लगाकर ऐसी और कूलर चल रहे हैं। ऐसे में विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी शायद जांच व कार्रवाई करने के बजाय कुंभकर्णी नींद लेना ही पसंद करते हैं। सूत्रों के अनुसार कटिया कनेक्शन के मायने में धन्धरा ग्राम सभा का डिहवा टोला इटवा तहसील क्षेत्र का सबसे बहुचर्चित है। इतना ही नहीं यहां कटिया कनेक्शन के सहारे बिजली की चोरी करने वाले दिमाग का इस्तेमाल इतनी शातिरता से करते हैं। कि इनके कारनामों से हर कोई हैरान रह जाएगा। सूत्रों के अनुसार करीब दर्जनों लोग घरेलू विद्युत कनेक्शन लेकर ऐसी और कूलर का मजा लेने में भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहें हैं। यही वजह है कि आए दिन ग्राम सभा धन्धरा में का विषय बना हुआ है। और विद्युत विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की संदिग्ध भूमिका पर तरह-तरह के सवालिया निशान भी लग रहे हैं। वहीं





लगा ट्रांसफार्मर जल जाता है। फ्यूज उड़ाना तो आम बात हो चुका है। सबसे अफसोस की बात यह है कि ऐसे में विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी इसी तरह सुस्त रहेंगे तो इन बिजली माफियाओं पर लगाम कैसे लग पाएगा। लेकिन जिस तरह से धन्धरा ग्राम सभा के डिहवा टोले में बिजली माफिया सक्रिय हैं और विद्युत विभाग के जिम्मेदार कार्यवाही करने के बजाय निष्क्रिय बने हुए हैं यह लोगों में चर्चा दूसरी तरफ विद्युत विभाग की आपूर्तिनीय क्षति होना आखिर कैसे नकारा जा सकता है। सूत्रों की माने तो बिजनेस टीम की निष्पक्ष जांच में ही बिजली चोरों की काली करतूतों का पदार्फाश हो सकता है। अब देखना है कि बिजली चोरों के बुलंद हौसले पर कब और कैसे कानून का शिकंजा कसता है। या फिर बिजली चोर जिम्मेदारों की सुस्ती की वजह से अभी और विद्युत विभाग को आपूर्तनीय क्षति पहुंचते रहेंगे।

# जायंट्स ग्रुप ऑफ महिला शक्ति हिंदी दिवस मनाया।

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। बच्चों के साथ मनाया हिंदी दिवस जायंट्स ग्रुप ऑफ महिला शक्ति द्वारा गुरूवार को हिंदी दिवस के उपलक्ष में अग्रसेन स्कूल दुर्गा नगर में बच्चों के साथ हिंदी दिवस के महत्व को बताते हुए कार्यक्रम आयोजित किया गया ' अध्यक्ष पूनम गुप्ता ने बताया कि हिंदी दिवस को मनाने का कारण देश में अंग्रेजी भाषा का प्रचलन बढ़ना और और हिंदी भाषा की उपेक्षा को रोकना है

प्रशासनिक निर्देशिका प्राची अग्रवाल ने बताया की हिंदी हमारी राजभाषा है जिसका उपयोग अधिकतर सरकारी दफ्तर, प्रशासनिक कार्य मै किया जाता है हमें अपनी राजभाषा का सम्मान करना चाहिए



ित्त निर्देशिका राखी बंसल ने बताया कि स्कूल के बच्चों ने हिंदी की कविताएं और हिंदी दिवस के महत्व के ऊपर भी कविता सुनाइ ' सभी बच्चों को उपहार दिया गया और बाद में बच्चों ने एक साथ सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा ...गीत गाकर हिंदी के प्रति और जोश बढ़ाया 'कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान ग'या गया और हिंदुस्तान जय ...हिंदी की जय ...के नारे लगाए ' ग्रुप की सभी सदस्यों ने बच्चों को चिप्स और बिस्किट वितरित किए ' कार्यक्रम में स्कूल की अध्यापिका व प्रधानाचार्य का विशेष सहयोग रहा ' कार्यक्रम में मधु गर्ग, उषा पाराशर, दीपा, गर्ग एकता, राधिका, तनु, गुंजन, राखी ,नीतू ,निधि,अनुपमा आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।

# विश्वकर्मा समाज और मैथिल समाज एक अक्तूबर को करेंगे शक्ति प्रदर्शन

## *हमारा वोट तो लिया जाता है, परंतु कोई भी पार्टी नहीं देती तबज्जो*

फिरोजाबाद। मैथिल समाज अपने सहयोगी संगठनों के साथ एक अक्तूबर को शक्ति प्रदर्शन करेगा। इसकी जानकारी बृहस्पतिवार को एकता मंच द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन बम्बा बाईपास रोड ठारपूठा चैराहा स्थित सीएस रिसोर्ट में करके दी। जिसमें मीडिया से रूबरू होते हुये कार्यक्रम संयोजक पप्पूलाल झा, सह संयोजक कैलाश बाबू ओझा ने बताया कि हमारे समाज के लोग करीब 50 जिलों में है। अन्य जातियों के लोग भी हैं। समाज के सभी वर्ग से अपील है कि सब लोग एक मंच पर आकर यहां एकजुट हों। उन्होंने कहा कि बड़ी पीढ़ा होती है कि वोट तो हमारा ले लिया जाता है। परंतु नेतृत्व को कोई भी पार्टी किसी भी पद पर आगे नहीं बढाती। लेकिन अब हम पीछे लगने का काम नहीं करेंगे। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले हम सभी लोग विश्वकर्मा समाज,मैथिल समाज,धानुक,पांचाल सभी एकजुट होकर एक अक्टूबर को बडा सम्मेलन करेंगे। ये सम्मेलन बम्बा बाईपास रोड ठारपूठा चैराहा स्थित जिला स्तरीय सीएस रिसोर्ट में रखा है। बाकी आगामी समय में लखनऊ में भी रखने की रणनीति है। इस दौरान अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# कोटेदार के द्वारा कार्ड धारकों के फर्जी हलफनामा बनवा कर सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान बहाल कराए जाने के संबंध में कार्ड धारकों ने जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय का किया घेराव

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जनपद के विकास खंड भिटौरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत अहेवा के ग्राम रारा के ग्रामीणों ने आज 14 सितंबर को जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय का घेराव किया।जहां ग्रामीणों ने बताया कि कई महीने पहले उनके ग्राम सभा रारा के कोटेदार के खिलाफ शिकायत किया गया था कि कोटेदार कार्ड धारकों को कम राशन देता है तथा वह अपनी दुकान पर न बैठकर अपने नौजवान बेटियों को राशन वितरण कराने के लिए बैठाता है।जहां कार्ड धारक जब राशन लेने जाता है तो कोटेदार की बेटियां उन कार्ड धारकों को मनमानी तरीके से वितरित करती हैं और कम राशन दिए जाने का कारण पूछा जाता है तो उनके द्वारा कार्ड धारकों को धमकाया जाता है कि जितना दे रहे हैं उतना ही राशन मिलेगा अगर ज्यादा कुछ कहोगे तो छेड़छानी के मामले में फंसा देंगे।जिससे परेशान कार्ड धारकों ने जिला पूर्ति अधिकारी के यहां शिकायत किया था जिसे समाचार पत्रों एवं चैनलों में काफी प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था।जिसे जिला पूर्ति अधिकारी संज्ञान में लेते हुए तत्काल प्रभाव से कोटा को निलंबित कर दिया था। जिसमें कोटेदार ने अपना कोटा बहाल करने के लिए कार्ड धारकों के हलफनामा जमा करवाया था जहां जमा कराए गए हलफनामा की जांच करने के लिए कल 13 सितंबर को आरो ग्राम पंचायत पहुंचे तो वहां पता चला कि जमा कराएगी 80 हलफनामे में केवल 15 से 20 लोग के ही हाल अपना सही पाए गए थे बाकी सभी हलफनामा फर्जी पाए गए थे जिस संबंध को लेकर ग्रामीणों ने जिला पूर्ति कार्यालय का घेराव करते हुए शिकायती पत्र दिया है।

जहां ग्रामीणों ने शिकायती पत्र देते हुए कहा कि कोटेदार द्वारा एवं पंचायत मित्र द्वारा पीड़ितों से कालोनी दिलाने का लालच देकर ग्रामीणों के दस्तावेज लेकर के फर्जी तरीके से हलफनामा तैयार करके जिलापूर्ति अधिकारी फतेहपुर को गुमराह किया गया है।ग्रामीणों के अनुसार कोटेदार अपनी बेटियों को आगे करके ग्रामीणों को गाली गलौज एआरओ के सामने कहा कि कोटा बहाल हो जाने दो नहीं तो फर्जी छेड़छाड़ का मुकदमा लगवाकर जेल भेज दूंगा तब एआरओ ने कोटेदार को डांटकर उसकी बेटियों को घर भेजा।कार्ड धारकों नें कहा कि कोटेदार की बेटियां हमेशा धमकाती है अगर अब शिकायत करने गए तो सभी के घरों के नौजवान को फर्जी छेड़ छाड़ के केस में जेल करा देंगे कार्ड धारकों ने कहा कि इसके पहले भी इनके द्वारा किया जा चुका है। वहीं आज ग्रामीणों ने जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय का घेराव करते हुए उक्त दबंग कोटदार के ऊपर तत्काल कार्यवाही किए जाने की बात कही है तथा फर्जी रूप से ग्रामीणों के जमा किए गए हलफनामा के प्रति भी दोषी पर कठोरतम कार्यवाही किए जाने की बात कही है।।

# डायट मेंटर ने स्वयं आदर्श शिक्षण करते हुए बच्चों को निपुण बनाने के तरीकों से परिचित कराया

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर।प्राथमिक विद्यालय खदरा (प्रथम) ब्लॉक देवमई , फतेहपुर का श्री विनय कुमार मिश्र , डायट मेंटर के द्वारा शैक्षिक अनुसमर्थन हेतु भ्रमण किया गया। विनय मिश्र द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन एवं शैक्षिक गुणवत्ता की गहनता से जानकारी प्राप्त करने के लिए कक्षा -कक्ष, खेलकूद सामग्री एवं पुस्तकालय आदि का अवलोकन करके इनके रखरखाव तथा वितरण की वास्तविक स्थिति जानने के लिए अलग अलग कक्षा के बच्चों से व्यावहारिक प्रश्न किया गया जिसका बच्चों ने सही जवाब दिया। डायट मेंटर ने कक्षा 1 की गतिमान क्लॉस का अनुश्रवण किया और चार बच्चों अंशिका, अनूप, तनू, वैष्णवी का निपुण लक्ष्य एप पर असेसमेंट किया



चारों बच्चे निपुण पाए गए ।जिसके लिए प्राधानाध्यापक श्री प्रताप सिंह एवं शिक्षिकाओं शिखा द्विवेदी, रेनू पाल, शालिनी सिंह की प्रसंशा की । डायट मेंटर ने स्वयं आदर्श शिक्षण करते हुए बच्चों को निपुण बनाने के तरीकों से परिचित कराया। उपचारात्मक शिक्षण , संदर्शिका का समुचित , बच्चों की उपस्थिति एवं ठहराव आदि को और बेहतर करने हेतु नवाचारो (अभिभावक सम्पर्क, बच्चों की प्रगति पर अभिभावकों से चर्चा, पोर्टफोलियो तैयार करना, प्रोत्साहन हेतु पुरस्कार आदि) के प्रयोग से समस्त शिक्षकों को अनुसमर्थित किया। दिसम्बर तक सभी बच्चों को निपुण बनाने की कार्ययोजना पर कार्य करने की सलाह प्रदान की तथा प्रधानाध्यापका प्रताप सिंह के कार्यों को प्रेरित किया।

# हम सबका अभिमान है हिन्दी, भारत देश की शान है हिन्दीः- अश्वनी जैन

**दैनिक समाज जागरण**

सिरसागंज। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के कार्यालय पर जिला समन्यवक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में हिन्दी दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के मध्य एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को बताया कि राष्ट्रीय हिन्दी दिवस प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को मनाया जाता है। 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने यह निर्णय लिया कि हिन्दी संघ सरकार की आधिकारिक भाषा होगी क्योंकि भारत मे अधिकतर क्षेत्रों में ज्यादातर हिन्दी भाषा बोली जाती थी इसलिए हिन्दी को राजभाषा बनाने का निर्णय लिया गया। इसी निर्णय के महत्व को प्रतिपादित करने तथा हिन्दी को प्रत्येक क्षेत्र में प्रसारित करने के लिये वर्ष 1953 से पूरे भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद हिन्दी को



आधिकारिक भाषा के रूप में स्थापित करवाने के लिए काका कालेलकर, हजारीप्रसाद द्विवेदी, सेठ गोविंद दास आदि साहित्यकारों को साथ लेकर व्योहार राजेन्द्र सिंह ने अथक प्रयास किया। यह निर्णय 14 सितम्बर को लिया गया, इसी दिन हिन्दी के मूर्धन्य साहित्यकार व्यौहार राजेन्द्र सिंह का 50 वाँ जन्मदिन था, इस कारण हिन्दी दिवस के लिए इस दिन को श्रेष्ठ माना गया था। हालांकि जब राष्ट्रभाषा के रूप में इसे चुना गया और लागू किया गया तो अ-हिन्दी भाषी राज्य के लोग इसका विरोध करने लगे और अंग्रेजी को भी राजभाषा का दर्जा देना पड़ा। इस कारण हिन्दी में भी अंग्रेजी भाषा का प्रभाव पड़ने लगा। गोष्ठी में कु संयुक्ता, शिवानी यादव, सोनाली, स्नेहा बघेल, शालिनी, संध्या, तनवी जादौन, संध्या राजपूत, महक, भूमी गुप्ता, संस्कृति जैन,रितिक बघेल, अनुज कुशवाह, अनुराग, अयाज, ब्रजमोहन, कृष्णा, महेन्द्र सिंह, शुभम जैन, मोहन, शिवम कुमार, विकल्प शर्मा, आशीष कुमार, रितिक कुशवाह, मीर खान, हारून, लोकेश यादव, अमन कुमार आदि उपस्थित रहे।

# निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 25 लोग चिन्हित किए।

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। स्वर्गीय डॉक्टर विवेकानंद गुप्ता की पुण्यस्मृति में एक विशाल निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन गुरुवार को मोहल्ला श्याम नगर स्थित पतीराम पूरणमल माथुर वैश्य धर्मार्थ ट्रस्ट भवन में किया गया जिसमें मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए सुयोग्य चिकित्सकों ने 25 लोगों को चिन्हित किया है।

पातीराम पूरणमल माथुर वैश्य धर्मार्थ ट्रस्ट एवं माथुर वैश्य युवा संगठन तेजस परिवार द्वारा आयोजित इस विशाल निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 520 लोगों के रजिस्ट्रेशन हुए थे जिसमें से ₹430 लोगों के नेत्रों कापरीक्षण किए गया जिनमें मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 25 लोगों को चिन्हित किया गया है इस



शिविर में डॉक्टर प्रेरणा उपाध्याय विभाग अध्यक्ष नेत्ररोग विशेषज्ञ मेडिकल कॉलेज फिरोजाबाद डॉ रकेश यादवेंद्र विभागअध्यक्ष नेत्र रोग विशेषज्ञ जिला अस्पताल फिरोजाबाद के अलावा डॉक्टर अलका अग्रवाल ने नेत्र रोगियों का परीक्षण किया शिविर का उद्घाटन जिला अधिकारी डॉक्टर उज्जवल कुमार ने किया इस अवसर पर महापौर कामिनी राठौर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राम बदन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे इनके अलावा टेकनीशियन और फार्मासिस्ट ने अपनी सेवाएं प्रदान की इस अवसर पर सुनील पैगोरिया, मोहन गुप्ता ,उदय गुप्ता, रामनरेश कटारा, भगवान सिंह झा के अलावा समाज के प्रतिष्ठित लोग उपस्थित थे।

# स्वर्णकार समाज ने, राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए की बैठक।

**अरुण सिंह समाज जागरण ब्यूरो लखनऊ।**

लखनऊ। आशियाना क्षेत्र स्थित होटल में, स्वर्णकार समाज ने अपनी राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एक बड़ी बैठक की, जिसमें प्रदेश भर से स्वर्णकार समाज के लोग शामिल हुए ,और मंथन किया।

अध्यक्ष मनीष वर्मा ने बताया कि, बैठक में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से स्वर्णकार समाज के प्रतिष्ठित एवं सम्मानित व्यापारी, समाज सेवी, राजनैतिक पृष्ठि भूमि के साथी शामिल हुए ।

सभी वर्गों के लोगों ने तय किया कि सक्रिय राजनीति में, स्वर्णकार समाज वर्ग की हिस्सेदारी जरूरी है।

अपनी जनसंख्या के अनुपात में अपने समाज के लोग राजनीति में आयेंगे,तभी अपने राजनैतिक,सामाजिक अधिकारों को प्राप्त कर सकेंगे।

इसी विषय को लेकर सैकड़ों स्वर्णकार समाज के लोगों ने एक बड़ी बैठक का आयोजन कर संगठित होने का संकल्प लिया ।तथा स्वर्णकार समाज की राजनैतिक अधिकारों एवं हिस्सेदारी को सुनिश्चित करने हेतु शीघ्र ही एक विशाल महासम्मेलन राजधानी लखनऊ में करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया ।

# वृद्ध महिला ने एसपी से मांगा न्याय

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जिले के हथगांव थाना क्षेत्र के सरांय सांबा की रहने वाली महिला ने एसपी को शिकायत पत्र देकर बताया कि वह अनपढ़,वृद्ध ,बेसहारा महिला है उसका पुत्र अवधेश जिसकी मृत्यु लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व हो चुकी है बेटे की मौत के कुछ दिन बाद बहु ने दूसरे व्यक्ति के साथ भाग कर शादी कर लिया और उसी के साथ रहने लगी उसके कुछ दिन बाद वह अपने भाई के साथ



थाने की पुलिस लेकर आई और जबरन घर में घुस गई आरोप लगाया की विरोध करने पर मारपीट किया और पुलिस ने भी अभद्रता की और बहु के भाई घर रखा नगदी निकाल ले गया मौजूद दारोगा ने कहा अब इंद्रानी यही रहेगी और मुझसे जबरन सादे कागज में अंगूठा लगवा लिया पीड़ित महिला ने बहु से जान का खतरा बताया और एसपी से न्याय की गुहार लगाई है एसपी ने जांच के बाद न्याय का आश्वासन दिया है

# शराब ठेके में हुई चोरी की घटना का हुआ खुलासा

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

यूपी के फतेहपुर जिले में दुकान से हुई देशी शराब चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है जबकि 3 शातिर अपराधी भागने में कामयाब रहे। पकड़े गए अभियुक्त के पास से 11 पेटी देशी शराब, एक बैट्रा व एक बाइक बरामद किया है। बतादे की 7 सितंबर की रात्रि में थाना चांदपुर



के कुलखेड़ा गांव में स्थित देशी शराब ठेका का ताला तोड़कर 25 पेटी शराब व बैट्रा चोरी हो गई थी। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने चेकिंग के दौरान बाइक सवार एक अभियुक्त सौरभ सोनकर को दो पेटी देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया उसकी निशानदेही पर एक खाली मकान से 9 पेटी शराब और बरामद की गई जिसमें कुल 11 पेटी शराब बरामद करते हुए खुलासा किया गया। जबकि तीन शातिर आरोपी अभी भी फरार चल रहे हैं जिनकी तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। एडिशनल एसपी विजय शंकर मिश्र ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए दी जानकारी

# बदहाली के आँसू बहा रहा आंगनवाड़ी केन्द्र

## *ऐसे में मासूमों के पुष्टाहार पर भ्रष्टाचार का ग्रहण*

**दैनिक समाज जागरण सुनील श्रीवास्तव**

इटवा,सिद्धार्थनगर। सुनने में भले ही अटपटा क्यों ना लगे लेकिन मौके की हकीकत तो यही वयां कर रही है। कि जिले के अधिकांशतः आंगनबाड़ी केंद्रों का हाल पूर्णतया बेहाल है और संबंधित अधिकारी कर्मचारी मलाई काट रहे हैं। ऐसे में मासूमों के पुष्टाहार पर भ्रष्टाचार का ग्रहण लगना नकारना नामुमकिन है। प्राप्त समाचार के अनुसार जिले के अधिकांशत आंगनबाड़ी केंद्र पूरी तरह से अपना अस्तित्व खो चुके हैं। उनको देखने पर मालूम ही नहीं होता है कि यह आंगनबाड़ी केंद्र हैं या जानवर बांधने वाला कमरा। जबकि शासन द्वारा जारी नियमावली में छः बर्ष से कम उम्र



के बच्चों को अक्षर ज्ञान संग पढ़ाई की ललक पैदा करने की जिम्मेदारी संभाल रहे आंगनबाड़ी केंद्रों के अधिकारियों कर्मचारियों की है। और उन आंगनबाड़ी केंद्रों का हाल खस्ता हाल है। जबकि विभागीय अधिकारी कर्मचारी कागजों में अच्छे ढंग से आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालित होने का दावा करते रहते हैं। लेकिन रिपब्लिक हिंदुस्तान द्वारा खुनियांव इटवा भनवापुर क्षेत्र के कुछ आंगनबाड़ी केंद्रों का पड़ताल किया गया तो विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों के दावों से ठीक विपरीत तस्वीर धरातल पर देखने को मिली। बताया जाता है कि ऐसे में विभागीय उदासीनता की वजह से कुपोषण से बच्चों को बचाने की चल रही मुहिम का वजूद पूर्णतया खतरे में है। सूत्रों के अनुसार इटवा क्षेत्र में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र बेलहसा पाली मूसा जिगना सहित करीब दर्जनों आंगनबाड़ी केंद्र भ्रष्टाचार की दलदल में फंसकर विभागीय उदासीनता वयां कर रहे हैं। खुनियांव और भनवापुर क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों का भी यही दास्तांन है। ऐसे में सबसे अहम सवाल यह है कि भ्रष्टाचार की दलदल में फंसे इन आंगनबाड़ी केंद्रों का बाल पोषाहार आखिर कहां जाता है। और इन आंगनवाड़ी केंद्रों में कार्यरत तंत्र किसकी संरक्षण में मौज काट रहे हैं। सूत्र के अनुसार ऐसे भ्रष्ट आंगनवाड़ी केंद्रों की पड़ताल उच्च स्तरीय जांच टीम द्वारा किया जाए तो कई विभागीय चेहरे बेनकाब हो जाएंगे।

# हापुड़ की घटना के विरोध में वकीलों ने कराया रजिस्ट्री कार्यालय बंद, की नारेबाजी

फिरोजाबाद। जसराना में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर जसराना में अधिवक्ताओं ने कामबंद हड़ताल कर तहसील में प्रदर्शन करते हुए रजिस्ट्री कार्यालय में चल रहे बैनामा बंद करा दिए। इस दौरान पुलिस और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



हापुड़ में पुलिस और अधिवक्ताओं के बीच हुए विवाद के बाद पूरे प्रदेश के अधिवक्ता काम बंद हड़ताल पर हैं। इसी को लेकर जसराना के अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन ऑफ जसराना के अध्यक्ष ओंकार सिंह यादव के निर्देशन में तहसील में प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। अधिवक्ता एकत्रित होकर रजिस्ट्री ऑफिस पहुंचे और वहां बैनामा कार्य को ठप कर दिया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने कहा जब तक न्याय नहीं मिलता आंदोलन जारी रहेगा।

ओमकार सिंह, अजब सिंह यादव, टीटू, मुखलेश यादव, राकेश कुमार, बलबीर सिंह, संजय यादव, नंद किशोर भारतीय आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# शिविर में 600 मरीजों ने कराया नेत्र परीक्षण

**समाज जागरण बृजमोहन सिंह**

शिकोहाबाद। नगर में सर्विस रोड स्थित लॉर्ड कृष्णा हॉस्पिटल के सौजन्य से बृहस्पतिवार को आगरा के प्रसिद्ध डॉक्टर ईशान यादव द्वारा एक विशाल नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 600 मरीजों का नेत्र परीक्षण हुआ। मरीजों को मुफ्त दवा बांटी गई। शिविर में 120 मरीज मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हित किये गए। शिविर में मरीजों ने निःशुल्क परीक्षण कराया और दवा प्राप्त कीं। लॉर्ड कृष्णा हॉस्पिटल के संचालक सुशील यादव ने बताया कि इन मरीजों का रियायती दरों पर ऑपरेशन कराया जाएगा। शिविर में मैनेजर सुशील राव, एलविश शर्मा, अमन ठाकुर,अर्जुन यादव,असलेखा, नीतू सिंह, मनोज कुमार, मोनू यादव,रवेंद्र कुमार, सत्यवेन्द्र और आकाश का विशेष सहयोग रहा।

# हाथियों के उत्पात से कोल परिवारों के विच अनाज के संकट को दूर किया उप प्रमुख के पहल

**दैनिक समाज जागरण ,घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड)14 सितंबर 2023 :- बगोदर प्रखंड के अडवारा पंचायत में पहाड़पुर गांव के कोल परिवार के घरों में पिछले दिनों हाथियों के उत्पात से कई घरों में अनाज की कमी हो गई थी, लिहाजा दाने दाने का



सम्सया से जुझना मजबूरी हो गया।इस समस्या को देखते हुए बगोदर उप प्रमुख हरेंद्र सिंह ने अनाज पूरा करवाने का काम किया, बताया जाता है कि पिछले कुछ दिनों अड़वारा पंचायत के पहाड़पुर गांव के कोल परिवार के घरों तथा फसलों को 30 हाथियों के झुंड ने पूरी तरह से नुकसान पहुचाए और सभी घरों के अनाज को भी चट कर गए थे ।जिसके कारण उन परिवार के सदस्य गणों के सामने खाने के लिए कुछ नही बचा था , आज अम्बाडीह पी डि यस दुकान से सभी लोगों को रासन दिलाया गया । इस मौके प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राकेश कुमार ,पूर्व मुखिया लाल जीत मरांडी ,मुखिया प्रतिनिधि लक्ष्मण महतो,पंसस सदस्य हेमराज महतो, विजय सिंह , प्रदीप शर्मा सहित लाभुक महादेव कोल ,बुधनी देवी,फुलिया देवी,मुनिया देवी,गुलाबी देवी,झांझी देवी,बीरू कोल ,करम कोल पूरन कोल ,दुलरिया देवी,चेतलाल कोल,लिलिया देवी,जागेश्वर कोल,राजेश कोल,डेगलाल कोल,खेमलाल कोल,उपस्थित थे ।

# बड़का गांव में पंचायत समिति सदस्य की निर्मम हत्या जनप्रतिनिधियों ने की न्याय की मांग

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 14 सितंबर 2023 :- बड़का गांव प्रखंड के गोंडल पुरा पंचायत अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र जोराकाठ में गोंडल पुरा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मोहन महतो की बीती रात बुधवार को निर्मम हत्या कर दी गई , मृतक की पत्नी सरिता देवी ने बताया कि प्रत्येक दिन की तरह बुधवार को शाम लगभग 6:00 बजे मोहन महतो जानवरों को बांधने के लिए चरही रोड के किनारे स्थित अपने पोल्ट्री फार्म गए थे , जब वह घर नहीं लौटे तो रात 8:00 बजे से फोन से संपर्क करने का प्रयास किया गया , फोन नहीं रिसीव होने पर उनकी पत्नी ने गांव वालों को जानकारी दी जिसके बाद रात भर गांव वाले मोहन को ढ-ूढते रहे , परंतु कहीं कोई जानकारी नहीं मिली गुरुवार की सुबह शौच के लिए जा रहे ग्रामीणों ने जोराकाठ के मांझी टोला में खेत में मोहन के शव को देखकर गांव वालों को सूचना दिया सूचना पाते ही मोहन के परिजन सहित गांव वाले पहुंच गए ,शव के पास दो मोबाइल बरामद किया गया है। मोहन के पैर में बिजली के करंट का निशान और चेहरे पर खून लगा हुआ है , मोहन की हत्या की सूचना सुनकर मोहन के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है आक्रोशित ग्रामीणों



और परिजनों ने घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों को शव उठाने नहीं दिया जा रहा था । ग्रामीणों की मांग है कि हजारीबाग उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक आ कर लिखित रूप से मृतक की पत्नी को नौकरी और बच्चों के परवरिश के लिए मुआवजा दें तभी शव को उठाने दिया जाएगा । काफी मशक्कत के बाद शाम 4:00 बजे लाश को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेजा मृतक के परिजनों को पुलिस निरीक्षक द्वारा आश्वासन दिया गया की घटना का उद्भेदन एस आईटी टीम का गठन कर दो दिनों में किया जाएगा , वीडियो जितेंद्र पांडे द्वारा आश्वासन दिया गया । इस मामले के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेजा गया घटना को लेकर बड़का गांव पंचायत समिति सदस्य टीम में घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और और जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ने की मांग की मोहन अपने पीछे बूढ़े माता-पिता एवं पत्नी सरिता देवी बेटा आर्यन राज बेटी अंशिका तथा एक विधवा बहन को छोड़ गया है । मोहन के परिवार में मात्र एक कमाऊ वही था मौके पर पहुंची बड़का गांव विधायक अंबा प्रसाद ने मोहन के परिवार को ढांढस बनाते हुए कहा कि मृतक की पत्नी को निश्चित रूप से न्याय मिलेगा साथ ही विधायक ने यह भी आश्वासन दिया कि मेरे ओर से जिस भी तरह का जरूरत पड़े मैं मदद करूंगी । मौके पर उपस्थित स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों ने कहा कि अगर जनप्रतिनिधि ही सुरक्षित नहीं है तो आम आदमी कैसे सुरक्षित हो सकता है पंचायत के प्रतिनिधियों और ग्रामीणों में मांग किया है कि जल्द से जल्द मामले का उद्भेदन कर दोषियों पर कार्रवाई किया जाए पुलिस निर-ीक्षक अनिल कुमार और थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने कहा है कि दोषियों को बक्सा नहीं जाएगा मौके पर मुख्य रूप से वीडियो जितेंद्र पांडे आजसू महासचिव रोशन लाल चौधरी विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शिवलाल महतो जिप सदस्य सुनीता देवी प्रमुख सह पंचायत समिति जिला अध्यक्ष संतोष कुमार मंडल उप प्रमुख वचन देव कुमार मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत महतो मुखिया वासुदेव यादव अनिकेत नायक पारस महतो पंचायत समिति सदस्य अकबर, रितेश ठाकुर कृष्णा राम प्रभु राम सुमित समेत हजा-रों की संख्या में जुटे हुए थे।

# माय होम इंडिया के कार्यक्रम मे शिराकत करने युवाओ का दल हुआ रवाना।

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवादादाता चतरा**

चतरा(झारखंड)14सितम्बर 2023:-जिले से माय होम इंडिया के सौजन्य से होने वाले कार्यक्रम मे शिरकत करने युवाओ का दल दिल्ली हुआ रवाना जिसका नेतृत्व भाजयुमो प्रदेश नेता सुमन सौरभ करेंगे।युवाओ का ये दल भाजपा कर राष्ट्रीय नेता सुनील देवधर जी से करेगा मुलाकात और



कार्यक्रम मे आये उत्तर पूर्व के युवाओ से मिलकर उनके संग रखेगा अपनी बात जहा झारखंड के संस्कृति का होगा आदान प्रदान। दिल्ली जाने वाली टोली मे विकाश कुमार मलाकार,पकंकज राज ,जीतेन्द्र पाण्डेय,राजा मलाकार,खागेश्वर साहू,दिनेश गोप,विपिन रजक,संदीप सिंह,मनीष सिंह,संतोष राम,धीरज अग्रवाल,बादल कुमार,संजीव मिश्रा,संजय भोकता,निरंजन सिंह,रवि सिंह एवं अन्य शामिल थे।

# 37वां नेशनल गेम्स गोवा में धनबाद के दो खिलाड़ियों का हुआ चयन

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

धनबाद जिला योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन के दो खिलाड़ी अंजु दत्ता एवं दीपशिखा दान गोवा में आयोजित 37वां नेशनल गेम्स में आर्टिस्टिक योगासन इवेंट में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी इनके इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों एवं उनके कोच प्रदिप्ता बनर्जी को राज्य संघ के महासचिव श्री विपिन कुमार पाण्डेय जिला संघ के संरक्षक श्री परीक्षित पाण्डेय, श्री मंजीत सिंहअध्यक्ष मनोज कुमार सिंह उपाध्यक्ष डा.शैलेष कुमार, विरेन्द्र




रवानी, दीपांकर बरारी, प्रियंका कुशवाहा आरती कुमारी सिंह, आरती शर्मा, नेहा कपूर, प्रियंका कुशवाहा, कुमारी अनामिका, संजय यादव, जशपाल सिंह, विजय कुमार विशाल, राज कपूर, अशोक गुप्ता एवं सभी सदस्यों ने उन्हें बधाई दी, यह जानकारी संघ के सचिव कुणाल कुमार ने दिया

# विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया।

**दैनिक समाज जागरण, घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 14 सितम्बर 2023 :- बिष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रखंड स्तरीय मेला का उद्घाटन माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल , बिष्णुगढ़ प्रमुख जैबुन निशा , एवं अन्य जन प्रतिनिधियों ने संयुक्त रुप से उपस्थित होकर दीप प्रज्वलित कर किया । स्वास्थ्य मेला में शिशु स्वास्थ्य, किशोरी स्वास्थ्य, टीक-ाकरण, कुष्ठ, टीबी, एमसीडी, मातृत्व, मलेरिया, फलेरिया, अंधापन, नाक, कान, गला, दांत, आयुष तथा सामान्य चिकित्सा के अलग-अलग स्टॉल लगाकर हजारों मरीज का जांच किया गया। मेला में लगे स्टाल से परिवार नियोजन, आयुष्मान कार्ड बनाने तथा योग से संबंधित सलाह और जानकारी दी गई । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि कोविड के कालखंड को देखते हुए विष्णुगढ़ स्वास्थ्य केंद्र में सभी मूलभूत आवश्यकता पूरा कर दिया गया है। डॉक्टरों की कमी को दूर किया गया है। एड्स के मरीजों की संख्या में कमी आई है। अब यह न्यूनतम रह गई है। यहां दो एंबुलेंस चल रहे हैं। अस्पताल में विकास के कार्य हो रहे हैं। अस्पताल में जो भी कमियां है उसे पूरा कराया जाएगा। अस्पताल को बेहतर बनाना हमारा लक्ष्य है क्यों कि इंसान के लिए स्वास्थ्य हीं धन है। यह कार्यक्रम इलाज के साथ-साथ स्वास्थ्य जागरूकता के लिए आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉक्टर अरुण कुमार ने जनप्रतिनिधियों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों का सहयोग तथा स्वास्थ्य कर्मियों की



सक्रियता आवश्यक है। उनके द्वारा अनेक प्रकार के बीमारियों से बचाव तथा उपचार से संबंधित जानकारी लोगों को दिया गया। उन्होंने कहा कि विष्णुगढ़ स्वास्थ्य केंद्र में सिजेरियन से भी प्रसव कराया जाता है। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों के द्वारा टीबी मरीजों के बीच निश्चय किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमुख जैबुन निशा, अंचलाधिकारी रामबालक कुमार, 20 सूत्री उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा, मुखिया निर्मल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, स्वास्थ्य प्रतिनिधि डोमन गुप्ता, प्रमुख प्रतिनिधि बेलाल अंसारी, नारायण महतो, गोविंद शर्मा, दीपू अकेला, सुरेश राम, महेंद्र राम, हेमलाल साव, समेत स्वास्थ्य केन्द्र से जुड़े सभी डाक्टर, पदाधिकारी एनम कर्मचारी उपस्थित थे।

# डेंगू मरीजों को जीवन दान दे रहा है नमो फैंस क्लब - सतीश शर्मा

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 14 सितंबर 2023:झ जमशेदपुर में बढ़ते डेंगू के प्रकोप के कारण प्लैटलेट की जमशेदपुर ब्लड बैंक में भारी माँग बढ़ गई हैं, जिसके कारण ब्लड बैंक में प्लैटलेट की कमी लगातार हो रही हैं। इसकी सूचना ब्लड बैंक द्वारा मिलने पर आज भी डेंगू मरीजों के लिए नमो फैंस के कई सदस्यों ने जमशेदपुर ब्लड बैंक पहुंच कर रक्तदान किया। पिछले कई दिनों से लगातार जब भी ब्लड बैंक जमशेदपुर द्वारा प्लैटलेट की कमी की सूचना दी जाती हैं, तब - तब नमो फैंस क्लब के सदस्य जमशेदपुर ब्लड बैंक पहुँचकर रक्तदान कर प्लैटलेट की कमी को पूरा करने हेतु अपना सामाजिक दायित्व का निर्वहन कर रहें हैं। अभी डेंगू जमशेदपुर और इसके आसपास के क्षेत्र में महामारी का रूप ले रहा हैं। नमो फैन्स क्लब ने समस्त क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि सावधानी ही बचाव हैं, इसलिए सावधानी से रहें, अपने घरों के आस - पास सफाई रखें और मच्छरदानी का प्रयोग करें। खुद को सुरक्षित रखें और अपने परिवार को भी सुरक्षित रखें।

# तिरला पंचायत सचिवालय का चाहर दीवारी का शिलान्यास

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड) 14 सितंबर 2023 :- बगोदर प्रखंड के तिरला पंचायत सचिवालय में होने वाले चाहरदीवारी निर्माण कार्य का आज जिप उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव एवं मुखिया ने किया शिलान्यास , बताया जाता है कि 12 लाख रुपए से भी अधिक की राशि से पंचायत सचिवालय का चाहर दीवारी निर्माण होना है ,



जिसकी जिप उपाध्यक्ष के अनुशंसा पर जिला परिषद से निर्माण कार्य की मिली है स्वीकृति, उन्होंने कहा कि चाहरदीवारी होने से पंचायत सचिवालय का और भी बढ़ेगा आकर्षण, पेड़- पौधे भी लगाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि मेरे अनुशंसा पर जिला परिषद मद से तिरला में लगभग 50 लाख रुपए की योजना की स्वीकृति हुई है। जिसमें तालाब का जीर्णोद्धार भी शामिल है। मौके पर मुखिया सरिता साव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# दोनो लापता युवक का सड़ा हुआ मृतदेह गोताखोरों द्वारा पानी से निकाला गया

**शशि भूषण महतो,दैनिक समाज जागरण,अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)**

चांडिल : सराईकेला जिला के चाण्डिल थाना क्षेत्र के कान्दरबेड़ा महादेव डूंगरी के समीप नदी किनारे चांडिल पुलिस को सूचना मिलने पर लावारिस हालत में मिली एक स्कूटी, मोबाइल और कपड़ा को पुलिस ने किया जब्त। घटना बुधवार साम दो बाजे आसपास पुलिस मोबाइल के माध्यम से परिजनों को सूचना दिया गया ।आज सुबह पूर्वी सिंहभूम जिला जमशेदपुर टाटा स्टील के मजहरूल बारी सब इंस्पेक्टर सिक्युरिटी द्वारा आपने सहयोगी के साथ पानी में गोताखोर करने लगा । बार बार जमशेदपुर के युवक क्या करने पहुंचते हे। जब गहरा पानी में तैरना नही आता तो किया जरूरी है नदी में नहाने का , घर से बाहर रहते हे लड़का तो परिजन रहता है बेखवर।

चांडिल डेम रेडियल गेट खुले जाने से स्वर्णरेखा नदी का पानी तेज बहाव और बड़े बड़े पत्थर होने के कारण गोतालगाने में कठिनाई के साथ कापी मेहनत के बाद आज शाम तीन बजे के आसपास दोनो युवकों का मृत देह नदी के पानी से निकाला गया ।बुधवार की दिन दोनो युवक नहाने के दौरान बहता पानी में पैर फिसल गया और तेज बहाव के कारण डूब गया दूरदराज लोगो नही होने से किसी से मद्दत पाना मुस्किल रहा ।चांडिल थाना के तैनात पुलिस पदाधिकारी से पूछे जाने पर कुछ भी



कहने में हिचकिचाने लगे ।एक सफ्ताह के अंदर दूसरी घटना,घटना स्थल पहुंचे सेकडो ग्रामीण, महिलाए, पुरुष देखने के लिए नदी किनारे पहुंचे केसे गोताखौर द्वारा बहते नदी के पानी से युवकों को निकला जाता है। चांडिल पुलिस द्वारा बॉडी को आपने कब्जे लेकर पंचनामा के लिए सरायकेला सदर हस्पताल भेज दिया ।आगे की का-रवाई पुलिस करने में जुटे।

कोल्हान के पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर का बेटा मजहरुल बारी सब इंस्पेक्टर सिक्युरिटी टाटा स्टील में नौकरी करते हे ।ओर सात वर्षो से रेस्क्यू ऑपरेशन कंटिन्यू करते आए । झारखंड राज्य में अबतक कुल 83 लोगो निकला गया । आज जमशेदपुर के दो लड़का सुवर्णरेखा नदी का पानी बहाव तेज रहता जिसमे करेंट सबसे ज्यादा होता जिसके साथ ही नदी में बड़े बड़े नोखिले पत्थर रहते जिसमे फसने की डर और जान माल का सुरक्षा करना पड़ता है।घटना स्थल में पानी की बहाव और डिप 25/30 फीट था ,जिसे कापी कठिनाई के सामना करना पड़ा और ऑक्सीजन खतम होने वाले थे ।इस बीच दोनो लडको को अलग अलग स्थान से निकाला गया ।झारखंड राज्य में एक मात्र गौताखोर है जो रांची धनबाद बोकारो ,घाटशिला ,हजारीबाग आदि जिला में जाकर अपना मिशाल कायम किया । हमारे राज्य में गोताखोर का प्रशिक्षण मिलना चाहिए जिसे और लोगो मजहरुल बारी जैसा तैयार हो।

# कुचाई के बीआरसी में 228 बच्चों की हुई नेत्र जांच, जिसमें 40 बच्चों को किया चिन्हित

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

खरसावां जिला अंधापन समिति के द्वारा गुरुवार को कुचाई प्रखंड के प्रखंड संसाधन केंद्र में प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालय की कक्षा 6 से लेकर 12 तक के बच्चों की नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नेत्र सहायक डॉ गोपीनाथ एवं डॉ ललित मोहन सिंह ने 228 बच्चों की निशुल्क नेत्र जांच की जिसमें चश्मा



की आवश्यकता हेतु 40 बच्चों को चिन्हित किया गया। इन 40 बच्चों को चश्मा उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर बीईओ संजय कुमार जोशी ने कहा कि नेत्र के बिना भविष्य अंधकार में है। समय-समय पर अपनी आंखों की जांच करवानी चाहिए। आंख के बिना सारा काम अधूरा होता है। वहीं फिजियोथैरेपिस्ट आदित्य कुमार ने कहा कि नेत्र हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है। इसलिए हमें उनकी देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। यदि समय पर उपचार किया जाए तो अंधापन से बचा जा सकता है। शिविर में मुख्य रूप से प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी संजय कुमार जोशी बीपीओ,नाथो महतो कृष्णा मोहन महतो,फिजियोथैरेपिस्ट आदित्य कुमार,रिसर्च शिक्षक दयाल लेट, तिलक प्रसाद महतो,पद्मलोचन महतो, मिहिर कुमार दास,आदि उपस्थित थे।

# सिंहभूम कॉलेज चांडिल में अंतरराष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया गया

**शशि भूषण महतो,दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)**

चांडिल:सराईकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सिंहभूम कॉलेज चांडिल में हिंदी विभाग के द्वारा अंतरराष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथि प्राचार्य डॉ सरोज केबर्त, हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ राकेश सर, सहायक शिक्षक प्रभास गोराई, संस्कृत विभाग अध्यक्ष सुनील सर उपस्थित थे। सिंहभूम कॉलेज प्राचार्य महोदय ने कहा की अनुच्छेद 351 और 343 में इसे परिभाषित किया गया. इसमें कहा गया कि संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी. इसके बाद से ही 14 सितंबर को हिंदी दिवस के तौर पर मनाया जाता है. भारत समेत दुनियाभर के कई देशों में हिंदी भाषा बोली जाती है।साथ ही विभाग अध्यक्ष डॉ राकेश



सर ने कहा की विश्व में हिन्दी का विकास करने और इसे प्रचारित-प्रसारित करने के उद्देश्य से विश्व हिन्दी सम्मेलनों की शुरूआत की गई और प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन 10 जनवरी 1974 को नागपुर में आयोजित हुआ तब से ही इस दिन को 'विश्व हिन्दी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। विश्व हिन्दी सचिवालय मॉरिशस में स्थित है।संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी। संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रूप अन्तरराष्ट्रीय रूप होगा। यह निर्णय 14 सितम्बर को लिया गया, इसी दिन हिन्दी के मूर्धन्य साहित्यकार व्यौहार राजेन्द्र सिंह का 50वाँ जन्मदिन था, इस कारण हिन्दी दिवस के लिए इस दिन को श्रेष्ठ माना गया था।कार्यक्रम का आयोजक दयामय महतो, रतना महतो एवं भूषण सिंह मुंडा द्वारा की गई।

# खोई हुई अस्तित्व एवं मौलिक अधिकार की लड़ाई में सभी पार्टियों एवं दलों के कुड़मी लोग एक साथ हैं - --- प्रभात कुमार महतो

**शशि भूषण महतो,दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता**

चांडिलःसराईकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत झिमडी संसद भवन में आदिबासी कुड़मी समाज के तत्वावधान में 20 सितंबर से नीमडीह स्टेशन में दुसरी बार रेल टेका व डहर छेंका आंदोलन को सफल बनाने को लेकर समाजसेवी गुहीराम महतो की अध्यक्षता में पंचायत स्तर का एक तैयारी बैठक किया गया। इसमें मुड्डु , पारगामा,भाकुड़गाड़ा, ओड़िया, दयापुर, हेंसालोंग आदि जगहों से सैंकड़ों लोग शामिल हुए । इस प्रस्तुति बैठक के मुख्य वक्ता आदिवासी कुड़मी समाज के जिला प्रभारी प्रभात कुमार महतो ने कहा कि कुड़मी को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करने की मांग में सभी राजनीतिक पार्टियां या दलों के कुड़मी लोग शामिल हैं क्योंकि पहले समाज उसके बाद बाकी इसलिए आज हमारी खोयी हुई अस्तित्व एवं मौलिक अधिकार की लड़ाई में हम सभी एक साथ हैं। आज गरीब, अमीर तथा गांव, देहात , कस्बे एवं शहर के सभी कुड़मी जाग चुके हैं इसलिए इस लड़ाई में हम सब अंतिम एवं निर्णायक मूड में एक साथ आंदोलन का निर्णय लिया है। इस बार का समाज आंदोलन के साथ




साथ रात-दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी चलता रहेगा। नीमडीह स्टेशन में सभी कुड़मी आंदोलनकारियों ने 19 सितंबर की रात्रि को ही पहुंच जाएंगे। जहां झुमुर-नाच, छौउ-नृत्य, पांता-नृत्य, एवं करम नृत्य आदि का प्रस्तुति चलता रहेगा।कार्यक्रम के अंतर्गत झाड़खंड के नीमडीह में सरायकेला-खरसावां एवं पूर्वी सिंहभूम के सभी कुड़मी परिवार के प्रत्येक घर से एक से अधिक मेंबर भाग लेंगे । और तीन जगह झाड़खंड के गोमो, मुरी एवं घाघरा वहीं उड़ीसा में तीन, एवं पश्चिम बंगाल में कुशटांढ़ और खेमाशूली दो जगहों पर एक साथ 20 सितंबर 2023 से एक बार पुनः अनिश्चितकालीन रेल टेका एवं डहर छेंका आंदोलन करने का संकल्प लिया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला प्रभारी प्रभात कुमार महतो ,अशोक पुनअरिआर, गुणधाम मुतरुआर, पद्मलोचन महतो, रजनीकांत महतो, चीनीवास महतो, शगुन महतो विजय महतो, बुद्धेश्वर महतो मदन महतो, हेमंत महतो कृष्णपद, सुधीर महतो, नुनीगोपाल महतो, सुनील महतो तथा सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# विश्व हिन्दू परिषद् धर्मप्रसार विभाग द्वारा चल रहा आरोग्य रक्षक प्रशिक्षण वर्ग।

**दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक ,ब्यूरो चीफ सराइकेला (झारखंड )14अगस्त 2023**

दिनांक 10 सितम्बर से विश्व हिन्दू परिषद् धर्मप्रसार के बिरसा सेवा प्रकल्प आरोग्य रक्षक प्रशिक्षण वर्ग आदित्यपुर आर आई टी के गंगोत्री नर्सिंग होम में चल रहा है यह वर्ग दस दिन 20 सितम्बर तक चलने बाला है जिसमें झारखण्ड के सुदूर ग्रामीण छेत्र के

20 महिलाओं को आरोग्य रक्षक की प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें उन्हें मानसिक, शारिरीक एवं बौधिक रूप से तैयारी कराई जा रही है जिसमें उन्हें अपने धर्म, संकृति, संस्कार एवं मैडिकल सम्बन्धी प्राथमिक जानका-रीयां दिया जा रहा है जिसमें डॉक्टरों का एक पैनल डॉ जे एन दास एवं डॉ भोला लोहार के देख रेख में प्रि-शक्षण दे रहे हैं। वर्ग में मुख्य रुप से चित्रकूट से पधारे झारखंड संत प्रमुख सुविख्यात राष्ट्रीय प्रखर प्रवक्ता युवा महंत श्री श्री 108 स्वामी सीताराम शरण जी महाराज ने कहा स्वास्थ्य एक व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक और सामाजिक बेहतरी को संदर्भित करता है। एक व्यक्ति को अच्छे स्वास्थ्य का आनंद लेते हुए तब कहा जाता है जब वह किसी भी शारीरिक बीमारियों, मानसिक तनाव से रहित होता है और अच्छे पारस्परिक संबंधों का मजा उठाता है। पिछले कई दश-ाकों में स्वास्थ्य की परिभाषा काफी विकसित हुई है। हालांकि इससे




पहले इसे केवल एक व्यक्ति की भौतिक भलाई से जोड़ा जाता था पर अब यह उस स्थिति को संदर्भित करता है जब कोई व्यक्ति अच्छे मानसिक स्वास्थ्य का आनंद ले रहा है, आध्यात्मिक रूप से जागृत है और एक अच्छा सामाजिक जीवन जी रहा है।

शास्त्रों में कहा गया है की स्वास्थ्य धन ही सर्वप्रमुख धन है। ह्लआप क्या खा रहे हैं स्वास्थ्य का संबंध केवल इससे नहीं है बल्कि आप क्या सोच रहे हैं और क्या कह रहे हैं स्वास्थ्य का संबंध इससे भी है।ह्वस्वास्थ्य का सम्बन्ध केवल शरीर से ही नहीं बल्कि मन की दृढ़ता से भी है।

जमशेदपुर के डाक्टर जे एन दास ने कहा 1948 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने किसी व्यक्ति की संपूर्ण शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्थिति को स्वास्थ्य में शामिल किया है न कि केवल बीमारी का अभाव। इसे लंबे समय के लिए अव्यवहारिक मानकर खारिज कर दिया गया था। 1980 में स्वास्थ्य की एक नई अवधारणा लाई गई। इसके तहत स्वास्थ्य को एक संसाधन के रूप में माना गया है।आज एक व्यक्ति को तब स्वस्थ माना जाता है जब वह अच्छा शा-रीरिक, मानसिक, सामाजिक, आध्यात्मिक और संज्ञानात्मक स्वास्थ्य का आनंद ले रहा है।

झारखण्ड प्रांत विधि प्रमुख दीपक शर्मा जी, धर्मप्रसार प्रमुख संजय चौरासिया जी, सह प्रमुख सचिदानन्द जी, खरसंवा जिलाध्यक्ष राजू चौधरी जी, जमशेदपुर कार्यालय प्रमुख संजय सिंह जी, मुनीलाल जी,संकर राव जी, विवेक सिंह जी तथा अन्य उपस्थित हैं।

# उत्क्रमित उच्च विद्यालय कृष्णापुर में 'हिंदी दिवस' के अवसर पर काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण ,शेखर सुमन , सराइकेला (झारखण्ड )**

उत्क्रमित उच्च विद्यालय कृष्णापुर में हिंदी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. मौके पर आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में हिंदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक बुधराम गोप ने कहा कि 14 सितंबर 1949 को संविधान के अनुच्छेद 343(1) के तहत हिंदी को संघ की राजभाषा का दर्जा प्रदान किया गया. 14 सितंबर 1953 से



प्रत्येक वर्ष इस दिवस को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि हिंद की पहचान हिंदी से जुड़ी है इसलिए इसे राष्ट्रभाषा का दर्जा दिया जाना चाहिए. यह समय की माँग है. छात्रा दीपिका गोप और छात्र शत्रुघ्न महतो ने भी अपने विचार व्यक्त किए. इस अवसर पर एक काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें संतोषी गोप, अमृता महतो, पिंकी महतो, गीता महतो, अनामिका प्रधान,दीपिका गोप तथा रीतिका गोप की भागीदारी रही. छात्रा संतोषी गोप की प्रस्तुति सर्वश्रेष्ठ रही.

